हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 27 जून 2026



# अनैतिक गतिविधियों का केंद्र बना मनगटा, अफसरों के रसूख के चलते कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के सोमनी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मनगटा में इन दिनों नियमों को ताक पर रखकर अवैध निर्माण का खेल धड़ल्ले से चल रहा है। प्रकृति की गोद में बसे इस क्षेत्र में अब तक डेढ़ सौ से भी अधिक रिसोर्टस का निर्माण हो चुका है, लेकिन इस विकास के पीछे एक काला सच छिपा हुआ है।

इस समूचे क्षेत्र में बने अधिकांश रिसोर्टस बिना किसी वैध सरकारी अनुमति और तय दिशा-निर्देशों का पालन किए बगैर खड़े कर दिए गए हैं। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि मनगटा के ये खूबसूरत दिखने वाले ठिकाने अब अनैतिक और अवैध कर्मों के मुख्य अड्डे में तब्दील हो चुके हैं। जिससे स्थानीय परिवेश पूरी तरह दूषित हो रहा है। इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि इन अवैध रिसोर्टस के मालिकों की सूची में राजनांदगांव, कवर्धा और दुर्ग जिले के कई रसूखदार प्रशासनिक अधिकारियों के नाम शामिल हैं। राजस्व महकमा, आबकारी विभाग, खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन के कई बड़े आला अफसरों ने अपने काले धन को खपाने के लिए इस क्षेत्र को अपना पसंदीदा ठिकाना बना लिया है। यही मुख्य वजह है कि बड़े पैमाने पर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताएं उजागर होने के बाद भी जिला प्रशासन पूरी तरह से आंखें मूंदे बैठा है और किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई करने से कतरा रहा है। मनगटा के इन रिसोर्टस से जिस्मफरोशी, जुआं और शराबखोरी जैसी शिकायतें भी लगातार सामने आती रही है। ऐसे में जरूरी हो गया है कि इन रिसोर्टस पर बड़ा एक्शन लिया जाए।

## जिले में पदस्थ रहे कई अफसरों के मनगटा में रिसॉटर्स, इसलिए नहीं हो पा रहा बड़ा एक्शन

### अवैध निवेश का सुरक्षित ठिकाना

सरकारी सेवा शर्तों के मुताबिक किसी भी लोक सेवक को अचल संपत्ति खरीदने से पहले शासन से लिखित मंजूरी लेना अनिवार्य होता है। मनगटा में जमीनें खरीदते वक्त इस बुनियादी नियम को पूरी तरह गायब कर दिया गया। किसी भी विभाग के जिम्मेदार अधिकारी ने इस संबंध में सरकार को सूचना देना तक मुनासिब नहीं समझा। कानून की इस पेचीदगी और भविष्य में होने वाली जांच से बचने के लिए इन चतुर अफसरों ने एक नया रास्ता निकाला। उन्होंने इन जमीनों की रजिस्ट्री अपने नाम पर न करवाकर अपनी पत्नियों, बच्चों या करीबी रिश्तेदारों के नाम पर करवाई है। बेनामी संपत्ति के इस मकड़जाल के कारण धरातल पर रिसोर्टस का संचालन तो यही अफसर करते हैं, लेकिन कागजों पर इनका नाम कहीं दिखाई नहीं देता।



### शिकायतों पर भी एक्शन नहीं

जिला प्रशासन की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध कारोबार पर अब तक कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया गया था। आबकारी और पुलिस विभाग के खुद के अधिकारियों का पैसा यहां लगे होने के कारण इन रिसोर्टस के भीतर होने वाली अनैतिक गतिविधियों को पूरा संरक्षण प्राप्त है। स्थानीय ग्रामीणों की शिकायतों को भी ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। हालांकि बीते दिनों कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर टीम ने कुछ रिसोर्ट में तोड़फोड़ की कार्रवाई की है। उस दौरान भी कई रसूखदारों के नाम सामने आने की जानकारी मिली है।

## खबर संक्षेप

### 29 को सदगुरू कबीर प्राकट्य महोत्सव



**राजनांदगांव।** सुकुलदैहान समीपस्थ एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी में आगामी 29 जून को जिला चातुर्मास आयोजन समिति/श्री सदगुरु कबीर सत्संग सेवायोग आश्रम एवं क्षेत्रीय संत मंहत, कबीर धर्मानुरागी भक्त समाज के संयुक्त तत्वावधान में वृहद स्तर पर 628वां सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव मनाया जाएगा।

इस अवसर पर परम पूज्य महात्मा लेखचंद साहेब ज्योति कुंज मुरमुंदा कुम्हारी दुर्ग अपने संत मंडली के साथ पधारेंगे। साथ ही एतिहासिक सदगुरु कबीर मंदिर आश्रम पेंडरी के आश्रमाधिगादिपति वयोवृद्ध मंहत श्री सेवादास साहेब के पावन सानिध्य में आयोजित किया जाएगा। 29 जून को सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव पर प्रातःकाल गुरु महिमा पाठ, संध्या वंदन कर ध्वजारोहण किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से सत्संग भजन एवं सात्त्विक आनंदी चौका आरती यज्ञ और भोजन प्रसादी वितरण किया जाएगा। यह जानकारी राम खिलावन साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज पेंडरी ने दी है।

### छात्रावास भवन का लोकार्पण आज

**राजनांदगांव।** जिला निषाद केंवट सामाजिक भवन (छात्रावास) का लोकार्पण समारोह कल 27 जून को शाम 4 बजे सिंगदई चौक निषाद केंवट समाज भवन में विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अति विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद, विधायक दलेश्वर साहू, अ.पि.व. आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह व अध्यक्षता निषाद समाज के जिलाध्यक्ष द्रुपत कुमार निषाद करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में मनोहर निषाद, गिरधरलाल निषाद, कोमल सिंह राजपूत, सौरभ कोठारी, जगदीश निषाद, हीराभाई निषाद, लालाराम निषाद, प्रशांत गुप्ता, मुकेश साहू, आलोक श्रोती उपस्थित रहेंगे। शुभारंभ सुबह 10 बजे से, अतिथियों का स्वागत एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं सामाजिक पदाधिकारियों का सम्मान सुबह 11 बजे, स्वागत एवं उदबोधन दोपहर 02 बजे, सामाजिक भवन का लोकार्पण शाम 4 किया जाएगा।

**कमर्शियल प्लाट बेचना हैं**

12 डिसमिल प्लाट साइज 50×105 कुल 5250 लगभग का कमर्शियल प्लाट प्राइम लोकेशन तुमड़ीबोड़-डोंगरगढ़ मुख्य मार्ग (मेन रोड) ग्राम डूंडेरा में स्थित को बेचना है।

- संपर्क करें -
7770999355
9302526909

## ग्रिल का ताला तोड़कर खिड़की से घुसे चोर, चांदी का डिनर सैट चोरी

# सनसिटी में मकान से 20 किलो चांदी की चोरी, डीवीआर भी ले गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सनसिटी स्थित कुशालचंद राहुल चंद कोठारी के निवास में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देते लाखों रुपए के लगभग 20 किलो चांदी के बर्तनों की चोरी कर ली। मामले की सूचना के बाद पुलिस अब आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

शुक्रवार तड़के लगभग 3 बजे हुई इस वारदात के दौरान घर के भीतर परिवार के चार सदस्य अलग-अलग कमरे में सो रहे थे। इसी बीच चोरों ने घर के भीतर प्रवेश किया और एक कमरे से अलमारी में रखे चांदी के बर्तनों की चोरी कर ली। सुबह लगभग 4 बजे जब घर के बुजुर्ग सदस्य की नींद खुली तो उन्होंने कमरे में सामान बिखरा और अलमारी का ताला टूटा पाया। इसके बाद सीसीटीवी देखने की कोशिश की गई तो सीसीटीवी कैमरा भी बंद मिला। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसके बाद पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी है। चोरी की इस वारदात से आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल है।

## कॉलोनी में कई रसूखदारों के मकान, चोरी की घटना के बाद दहशत में कॉलोनीवासी





### डीवीआर ले गए चोर

तड़के लगभग 3 के करीब चोरों ने सनसिटी स्थित मकान में धावा बोला। इस दौरान चोरों द्वारा एक सीसीटीवी कैमरे को तोड़ा गया और दूसरे कैमरे को झुका दिया गया। जैन परिवार के लोगों ने बताया कि चोरी की इस पूरी वारदात को अंजाम देते चोरों ने घर के भीतर से सीसीटीवी कैमरे का डीवीआरबी चुरा लिया है। बताया जा रहा है कि प्रतिदिन यहां गार्ड भी रहता था, लेकिन चोरी वाली रात गार्ड छुट्टी पर था।

### ग्रील, स्लाईडर और अलमारी का तोड़ा ताला

अज्ञात चोरों द्वारा घर के भीतर घुसने के लिए ग्रिल पर लगा ताला तोड़ा गया और इसके बाद चोरों ने स्लाइडर का लॉक भी तोड़ा और कमरे के भीतर प्रवेश करते यहां एक अलमारी का ताला काफी सफाई से तोड़ते हुए चोरों ने अलमारी के भीतर रखे हुए चांदी के डिनर सैट की चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि चांदी के इस डिनर सैट का वजन लगभग 20 किलो के करीब था। चोरों द्वारा एक अन्य थैले में लगभग 10 किलो वजन के करीब चांदी के छोटे बर्तन भरकर रखा गया था, इसे ले जाने की पूरी तैयारी थी। संभवतः इसी बीच घर के बुजुर्ग के उठने की आहट सुनकर चोर थैला छोड़कर फरार हो गए।


### फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वाड की मदद

इधर चोरी की घटना की जानकारी मिलने पर सुबह से ही एडिशनल एसपी, सीएसपी सहित पुलिस टीम मौके पर फॉरेंसिक एक्सपर्ट और डॉग स्क्वायड के साथ पहुंच गई। मामले की गंभीरता को देखते पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की तलाश में विशेष टीम का गठन किया है, जो चोरों की तलाश कर रही है।

### नकाबपोश चारों ने दिया घटना को अंजाम

चोरी के इस मामले को लेकर एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर ने बताया कि तीन-चार नकाबपोश चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। आरोपियों की तलाश में टीम का गठन करते सभी जगह छानबीन की जा रही है। वहीं सीसीटीवी कैमरा की मदद से भी आरोपियों तक पहुंचने प्रयास किया जा रहा है।

# आज से बढ़ेगी बारिश की गतिविधियां, जिले के लिए आरेंज अलर्ट



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस बार लगभग एक सप्ताह देर से आने वाले मानसून की शुरूआत कमजोर ही रही है। अब तक अंचल में मानसून की झड़ी देखने को नहीं मिली है। यही कारण है कि अविभाजित नांदगांव में भी बारिश का आंकड़ा सामान्य से 80% तक पिछड़ा हुआ है। हालांकि अब विभाग ने अनुमान जताया है कि आज से बारिश की गतिविधियों में इजाफा देखने को मिलेगा। मौसम विभाग के अनुसार नांदगांव सहित प्रदेश के बड़े हिस्से में आज बेहतर बारिश देखने को मिल सकती है। बारिश को लेकर विभाग ने आरेंज एवं येलो अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 7 दिनों तक प्रदेश में मध्यम से तीव्र मेघगर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। अगले 3-4 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानूसन के उत्तरी हिस्सों में आगे बढ़ने की अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई है।

### अंचल के लिए अलर्ट जारी

इधर मानसून के एक्टिव होते ही राजनांदगांव सहित खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और मोहला-मानपुर-चौकी जिले के लिए बारिश को लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार इस दौरान इन जिलों में 40 से 60 किमी की रफ्तार से हवाएं चलने के साथ ही मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना जताई गई है। ज्ञात हो कि अब तक इन तीनों ही जिलों में सामान्य से लगभग 80 फीसदी कम बारिश देखने को मिली है। जिले का अधिकतम तापमान भी अब 39 डिग्री पर आ पहुंचा है।

# कार चालक ने दो युवा मीडिया कर्मियों को ठोका, घायल

**राजनांदगांव।** कार्यक्रम कव्हरेज कर रात को बाइक से लौट रहे दो मीडिया कर्मियों को लापरवाही से भागती कार ने ठोकर मार दिया। जिससे दोनों युवा मीडिया कर्मियों को चोंटे आई है। उन्हें उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार युवा मीडिया कर्मी सौरभ ताम्रकार एवं योगेश साहू एक होटल में आयोजित कार्यक्रम का कव्हरेज करने गए हुए थे, जहां से रात लगभग पौने 12 बजे लखोली चौक की ओर जा रहे थे। वे जब सनसिटी चौक के पास पहुंचे ही थे कि लखोली की ओर से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मीडियाकर्मी सौरभ ताम्रकार एवं योगेश साहू को चोंटे आई। बताया गया कि कार चालक ने मीडिया कर्मियों से बहस भी किया। वहीं दुबारा कार से ठोकने की कोशिश की। घायलों को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

### मामला दर्ज

कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी चालक के खिलाफ 281, 125-ए, 109 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। इधर इस मामले को लेकर दिनभर सोशल मीडिया में पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चर्चाओं का दौर जारी रहा।

## अल्पवर्षा की स्थिति से बचने कृषि वैज्ञानिक ने जारी किए उपाए

# एल-नीनो के असर से बचने रोपा की जगह सीधी बुवाई करें, धान की जगह दलहन फसल लगाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने बताया कि एल-नीनो एक वैश्विक जलवायु घटना है। जिसमें प्रशांत महासागर के मध्य एवं पूर्वी भाग के समुद्री जल का तापमान सामान्य से अधिक हो जाता है। इसके प्रभाव से भारत में मानसून कमजोर पड़ सकता है।

वर्षा में कमी या असमान वितरण हो सकता है तथा सूखे जैसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती है। इसी संभावना को ध्यान में रखते किसानों को अग्रिम तैयारी करने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि मानसून के आगमन में विलंब, कम वर्षा तथा लंबे शुष्क अंतराल की संभावना को ध्यान में रखते किसान कम एवं मध्यम अवधि में पकने वाली फसलों एवं किस्मों का चयन करें। धान की रोपा पद्धति के स्थान पर सीधी बुवाई को प्राथमिकता दें। खेतों में मजबूत मेड़बंदी कर वर्षा जल संरक्षण सुनिश्चित करें। उच्च भूमि वाले क्षेत्रों में धान के स्थान पर अरहर, मूंग, उड़द, मूंगफली, तिल, रामतिल एवं सोयाबीन जैसी वैकल्पिक फसलों को अपनाएं। फसल विविधीकरण द्वारा जोखिम को कम करें। बुवाई से पूर्व बीजों का कार्बेन्डाजिम एवं थायमेथोक्साम व इमिडाक्लोप्रिड से उपचार करें। धान में एजोस्पिरिलम, अन्य फसलों में एजोटोबैक्टर तथा दलहनी फसलों में राइजोबियम जैव उर्वरकों का उपयोग करें।

### दोबारा करें बुवाई

बुवाई के 3 से 5 दिन के भीतर अनुशंसित अंकुरण पूर्व खरपतवारनाशी का प्रयोग करें। यदि 15 जुलाई तक पर्याप्त अंकुरण न हो तो पुनः बुवाई करें तथा सामान्य बीज दर से 10 प्रतिशत अधिक बीज का उपयोग करें। जुलाई के अंत तक मूंग एवं उड़द तथा अगस्त माह में तिल, सूरजमुखी एवं मध्यम अवधि की अरहर की बुवाई करें। कतार पद्धति से बुवाई एवं मल्चिंग अपनाकर मिट्टी की नमी संरक्षित रखें। गांवों में नालों पर अस्थायी बांध बनाकर वर्षा जल संचयन को बढ़ावा दें।

### नैनो यूरिया का करें उपयोग

2 प्रतिशत यूरिया घोल का पर्णीय छिड़काव तथा प्रति एकड़ 2 बोतल नैनो यूरिया का उपयोग करें। दलहनी एवं तिलहनी फसलों में बुवाई के लगभग एक माह बाद 2 प्रतिशत डीएपी घोल का छिड़काव करें। तालाब, कुएं एवं अन्य जल संरचनाओं में वर्षा जल संग्रहित करें तथा आवश्यकता पड़ने पर जीवनरक्षक सिंचाई दें। ड्रिप एवं स्प्रिंकलर जैसी सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों को अपनाएं। मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि कार्यों की योजना बनाएं तथा कृषि विशेषज्ञों की सलाह का पालन करें।









## खबर संक्षेप

### तिलईरवार में साइकिल वितरण



**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में कक्षा नवमी की बालिकाओं को साइकिल वितरण किया गया। सभी बालिकाओं का अतिथियों ने गुलाल लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर शाला समिति के अध्यक्ष मोरध्वज चंद्रवंशी, निर्मला शांडिल्य, सुमित्रा पाल, चंद्रिका, थंगेश्वर साहू, प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर, असीम यदु, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, जितेंद्र कश्यप, पालक वर्मा, नोहर लिल्हारे, हरिश्चंद्र यादव, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू आदि मौजूद थे।

### नहीं सुधर रही हास्पिटल की व्यवस्था

**डोंगरगढ़।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को लेकर शिकायतों का दौर थमने का नाम नहीं ले रहा है। विकास खंड चिकित्सा अधिकारी पर भाजपा जनप्रतिनिधियों की अनदेखी करने और अस्पताल में कांग्रेसीकरण करने का आरोप लग रहा है। अस्पताल परिसर में कांग्रेस के होने वाले कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी प्रमुखता से उपस्थित दर्ज कराती है जबकि भाजपा के कार्यक्रमों में अनुपस्थिति रहती है। जीवन दीप समिति के गठन के एक साल बाद भी बैठक नहीं हो सकी है। हाल ही में सरस्वती शिशु मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे प्रभारी मंत्री गजेन्द्र यादव के आदेश को भी नजर अंदाज कर दिया गया है। स्वास्थ्य केन्द्र में पार्किंग स्थल तो है किंतु मौके पर न तो छायादार पेड़ हैं और न टीन सेड बनाया गया है। मरीजो के परिजनों के खाना बनाने के लिए हास्पिटल में व्यवस्था नहीं है। अस्पताल भवन में बिजली गुल होने की स्थिति में इमरजेंसी व्यवस्था नहीं है।

### समाज को शिक्षित बनाने का आह्वान




**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत सहसपुर जारवाही में रानी दुर्गावती बलिदान दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक हर्षिता स्वामी बघेल शामिल हुईं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि किसी भी समाज की सबसे बड़ी शक्ति उसकी एकता, संस्कृति और परंपरा होती हैं। उन्होंने गोंड़ समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि इस समाज ने देश की संस्कृति, सभ्यता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गोंड़ समाज अपनी परंपराओं, प्रकृति प्रेम, परिश्रम और सामाजिक मूल्यों के लिए सदियों से पहचान रखता है। रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डालते हुए विधायक ने कहा कि वह भारतीय इतिहास की महान वीरांगनाओं में से एक थीं, जिन्होंने मातृभूमि, स्वाभिमान और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिया।

### रानी दुर्गावती को अर्पित किया श्रद्धासुमन



**छुरिया।** रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के अवसर पर परिक्षेत्र तेदूनाला में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव शामिल हुईं। उन्होंने रानी दुर्गावती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता झाड़ूराम ठाकुर ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में रविन्द्र वैष्णव, उत्तरा निषाद, मोतीराम ठाकुर, अन्नू पडौती, सरिता कंवर, ललित नेताम, सीमा कंवर, लादूराम तुमरेकी, नरेश नेताम, मंथीर चेतक, उभयराम कुंजाम, सरस्वती नेताम, ईश्वर विश्वकर्मा, संतोष साहू, खेमचंद साहू उपस्थित थे। उक्त मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि रानी दुर्गावती भारतीय इतिहास की ऐसी अमर विभूति हैं, जिन्होंने अपने स्वाभिमान, संस्कृति और मातृभूमि की रक्षा के लिए अंतिम सांस तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए।

### खनिज विभाग ने खनन में लगे वाहनों को किया जब्त

# सुरही नदी के आसपास क्षेत्र में बेजा खनन से बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

अंचल में खनिज का अवैध उत्खनन थमने का नाम नहीं ले रहा है। सुरही नदी सहित आसपास क्षेत्र में मुरूम, मिट्टी के अवैध खनन से क्षेत्र की सूरत बिगड़ रही है। जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए है जो लोगों और मवेशियों के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं।

सुरही नदी क्षेत्र में चल रहे अवैध खनन की शिकायतों के बाद खनिज विभाग की टीम ने 23 जून को निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने नादिया के पास मुरूम और मिट्टी का अवैध त्खनन करते हुए दो वाहनों को पकड़ा। खनिज विभाग ने जेसीबी क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 2801 और हाइवा क्रमांक सीजी 08 एजे 9088 को जब्त कर लिया है। जांच में सामने आया कि जेसीबी का संचालन कमलेश्वर निवासी पथर्रा कर रहे थे और इसके मालिक तहसील पटेल निवासी नादिया हैं। वहीं हाइवा का संचालन धनीराम निवासी निवासपुर द्वारा किया जा रहा था और इसके मालिक मिथलेश साहू निवासी देवपुरा हैं। उक्त वाहनों को गंडई थाना में खड़े करा दिया गया है।

## विभाग पर अनदेखी करने का आरोप



### कार्रवाई से ग्रामीण असंतुष्ट

खनिज विभाग की टीम दावा कर रही है कि अवैध खनन की लगातार निगरानी की जा रही हैं, लेकिन लोगों का कहना है कि प्रशासन की कार्रवाई केवल औपचारिकता बनकर रह गई है। विभाग सक्रिय होता तो नदी और मार्गों के किनारे बड़े पैमाने पर अवैध खनन नहीं होता। लोगों का आरोप है कि विभाग की उदासीनता के कारण माफिया के हौसले बुलंद हैं।

### बदली नदियों की दशा

क्षेत्र में खनिज माफिया का नेटवर्क इतना मजबूत हो चुका है कि वह मार्ग के किनारे और नदियों के तटों पर गहरी खुदाई कर रहे हैं। लालपुर, लिमो से ढाबा रोड, सड़क अतरिया- मानपुर मार्ग, जीराटोला और भरभड़ी जैसे क्षेत्रों में मोटी कमाई के चक्कर में जमीन को छलनी कर दिया है। यहां गहरी खुदाई के कारण बच्चों और मवेशियों के गिरने से दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है।

# खाद संकट से परेशान किसान सोसाइटियों के लगा रहे चक्कर



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

खरीफ सीजन की शुरुआत के साथ कृषि गतिविधियां तेज होने लगी है , लेकिन खाद की कमी ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। क्षेत्र के किसान खाद के लिए लगातार सेवा सहकारी समितियों के चक्कर काट रहे हैं, किन्तु उन्हें खाद नहीं मिल रही है। किसानों का कहना है कि धान की नर्सरी तैयार करने और बुवाई के लिए इन दिनों डीएपी सहित अन्य खाद की आवश्यकता है। समितियों में डीएपी खाद का ही अभाव है, साथ ही विकल्पिक उर्वरक भी उपलब्ध नहीं हैं।

### दुकानों में खाद के दाम अधिक

समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं पहुंच सकी है जिससे किसानों को बाजार से अधिक कीमत पर उर्वरक खरीदना पड़ रहा है, जिससे खेती की लागत बढ़ रही है। वहीं सहकारी समितियों से खाद लेने पर किसानों को भुगतान की सुविधा मिलती है जबकि बाजार में नकद भुगतान करना पड़ रहा है। छोटे और सीमांत किसानों को इन दिनों सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### खाद मुहैया कराने की मांग

बेलगांव सोसायटी के किसानों ने कृषि विभाग से जरूरत को देखते हुए सभी प्रकार की उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि समय पर खाद मिलने से ही खेती का काम सुचारू हो सकेगा और उत्पादन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## कांग्रेस की बैठक में बनी आंदोलन की रणनीति



**तुमडीबोड़।** विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेस द्वारा आगामी 29 जून को धरना एवं चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन को लेकर कांग्रेसजन तैयारी में जुट गए है। इस संबंध में मंडल कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें मंडल अध्यक्ष हेमसिंग साहू, गौतम वर्मा, हेमंत साहू, सुशीला निषाद, क्रांति बंजारे, कोमल साहू, नरेंद्र साहू, चुंबक साहू, दया साहू, योगेन्द्र साहू, धिराजी साहू, बीणाधर वर्मा, लुकेश्वर वर्मा, जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, सोनूराम साहू, भुवाल साहू, गोवर्धन वर्मा एवं कार्यक्रम प्रभारी गुलाब वर्मा शामिल हुए। बैठक में प्रचार, महिलाओं की उपस्थिति, पंडाल, पानी आदि पर चर्चा की गई।

## कोचिंग व कम्प्यूटर सेंटरों में सुरक्षा की अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए शहर में कोचिंग और कंप्यूटर सेंटरों का संचालन किया जा रहा है। आपदा की स्थिति में इन सेंटरों में भगदड़ की स्थिति बन सकती है।

उल्लेखनीय है कि हाल ही में लखनऊ के एक कोचिंग सेंटर में हुई आगजनी में 15 छात्रों की मौत हो गई। इस घटना ने कोचिंग और कंप्यूटर सेंटरों में सुरक्षा की हो रही अनदेखी की पोल खोल दी है। शहर में भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी करते हुए कोचिंग और कंप्यूटर सेंटरों का संचालन किया जा रहा है। कुछ सेंटर तो ऐसे स्थानों पर चल रहे है जहां तक जाने आने के लिए सुरक्षित रास्ता या सुविधाजनक सीढ़ी तक नहीं है। आगजनी सहित घटना होने पर भगदड़ के हालात बन सकते हैं।उल्लेखनीय है कि इन सेंटरों में एसी सहित ऐसे विद्युत उपकरणों का उपयोग किया जाता है जिसमें शॉर्ट सर्किट होने अथवा अन्य वजह से आगजनी होने का अंदेशा रहता है। शहर में उपरी तल में कंप्यूटर और कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे है जहां तक पहुंचाने के लिए सुरक्षित सीढ़ी तक नहीं है। जो सीढ़ी है भी तो ऐसी नहीं है कि आपदा के दौरान छात्र सुरक्षित तरीके से निकल सकें।



### फीस के नाम पर लूट

शहर में संचालित कंप्यूटर सेंटरों में फीस के नाम पर लूट मची है। डीसीए, पीजीडीसीए जैसे कोर्स के लिए कॉलेज में जहां नाम मात्र शुल्क लिया जा रहा है वहीं कंप्यूटरों में इन कोर्स के लिए छात्रों से 15 हजार तक लिया जा रहा है। निजी कंप्यूटर सेंटरों प्रशिक्षण के नाम पर खानापूर्ति के बाद भी डिग्री मिलने की गारंटी होने के कारण छात्र भी प्रवेश लेने में रुचि दिखाते हैं।

### नहीं होता कभी निरीक्षण

कोचिंग और कंप्यूटर सेंटरों में सुरक्षा मापदंड की अनदेखी और सुरक्षा मानकों का पालन करने में घोर लापरवाही बरतने के बाद स्थानीय अधिकारी लखनऊ जैसी घटना होने का इंतजार कर रहे हैं। अफसरों द्वारा कभी भी कोचिंग और कंप्यूटर सेंटरों का निरीक्षण और फीस के नाम पर मची लूट पर अंकुश लगाने का प्रयास नहीं किया जा रहा है।

## बच्चों को भी मिले योजनाओं का लाभ : किरण



**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठीटोला में विकासखंड स्तरीय प्रवेशोत्सव का आयोजन गत दिनों किया गया। मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू थी। अध्यक्षता अनिता मंडावी ने की। विशिष्ट अतिथि मनोज कांडे, रामलाल टांडेकर, सुनील कुमार थे। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गीत, सरस्वती वंदना तथा अतिथि अभिनंदन के साथ हुआ। शालेय छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन बीईओ श्रीनिवास मिश्रा ने करते हुए योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर मुख्य अतिथि श्रीमती साहू ने योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत बच्चों को दिलाने कहा। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ने प्रेरित किया। उन्होंने कक्षों में टाइल्स लगाने की घोषणा की। इस दौरान श्रीमती मंडावी, श्री कांडे सहित अन्य ने संबोधित किया। अतिथियों ने कक्षा पहली, छठवीं एवं नवमी के छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए गणवेश, पुस्तक और सायकल का वितरण किया। इस दौरान कक्षा 10 वीं 12 वीं के टापर, नवोदय विद्यालय तथा एनएमएमएसई में चयनित बच्चों का सम्मान किया गया। अंत में पौधरोपण किया गया। इस दौरान एबीईओ वीरेन्द्र कौर मांगट, अजय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## भाजपा ने आपातकाल की याद में मनाया काला दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

■ लोकतंत्र के प्रहरियों को किया गया याद

भाजपा ने गत 25 जून को शहर में काला दिवस मनाया।इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करने वालों को नमन किया तथा आपातकाल के दौरान हुए लोकतांत्रिक अधिकारों के हनन को याद किया। वक्ताओं ने आपातकाल को लोकतंत्र का एक काला अध्याय बताया। इस अवसर पर कुलवंत कक्कड़, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, प्रदीप बाघ, महेंद्र अग्रवाल, तुलसी मिश्रा, विजेंद्र ठाकुर, तरुण हथेल, विनीत यादव, विनय बसंल, अचला ठाकुर, अनीता इंदुरकर, सरफराज, लक्ष्मी यादव, आकाश राजपूत, सत्यप्रकाश मिश्रा, प्रकाश बिंदल, बलविंदर, विक्की, गिरीश साहू, देवेंद्र साखरे, रेखा राघोत्र, शारदा यादव, शिवांगी साखरे, अनिल लांजेवार, राजेश कंडरा, सावन टेंभुरकर, जयंत साहू, आवेश निगम, रूपेंद्र इंदुरकर, मयंक डोंगरे, रजत कोठारी, डॉ मुकुंद मोहन, सुधा श्रीवास्तव, हेमलता तिवारी, संध्या यादव, दुर्गा यादव, लक्ष्मी साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### अतिथियों ने बच्चों से नियमित स्कूल आने कहा

# प्रवेशोत्सव में किताबें और गणवेश वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेरपार में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें, गणवेश देकर एवं मुंह मीठा कर प्रवेश दिलाया गया । मध्यान्ह भोजन समूह ने न्योता भोज का आयोजन कर खीर- पुरी और बड़ा खिलाया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ाई करने और पालकों से अपने बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने का आव्हान किया। कार्यक्रम में खिलेश्वरी गुनेन्द्र, कनकराम नागवंशी, लोकनाथ रावटे, निर्मला ठाकुर, किशनलाल यदु, रमेश सलामे शामिल हुए। शाला विकास समिति की मांग पर प्रार्थना शेड, सांस्कृतिक मंच, किचन शेड एवं साईकल स्टैंड बनाने की घोषणा श्रीमती सिंह ने की। संचालन शंकर साहू एवं आभार प्रदर्शन संजय देवांगन ने किया।

**जेवरतला।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



पिनकापार में गत दिनों धूमधाम से प्रवेशोत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया। अभिभावकों ने सर्वसम्मति से गोविंद कौशिक को अध्यक्ष एवं भोजबाई साहू को उपाध्यक्ष नियुक्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य कमलेश साहू एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष- उपाध्यक्ष ने बच्चों को गुलाल टीका लगाकर एवं मिष्ठान्न वितरण किया। छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पुस्तकें एवं गणवेश दिया गया। इस मौके पर शिक्षक रितेश जैन ने बच्चों से नियमित शाला आने और मन लगाकर पढ़ाई करने कहा। इस दौरान धनसिंह कौमार्य, रूपेंद्र साहू, संतुलाल कोसरे, मुक्तामणि ठाकुर, शत्रुहन सोनकर, रुख़मसिंग देवांगन, सरपंच तारण रजक, ठाकुरराम सोनी, जगदीश देवांगन, सुभाष खरे, जनक खरे, अरुण गांवरे, तलराम कुलेन्द्र, गौतम गांवरे, ममता निषाद, यशोदा रजक, बिंदाबाई, शहजादी बेगम आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**अर्जुनी।** किरगी संकुल स्तरीय शाला प्रवेश



उत्सव का आयोजन रातापायली में किया गया। मां सरस्वती की पूजा क बाद कक्षा पहली एवं छठवीं के बच्चों को पुस्तक वितरण कर मिठाई खिलाया गया। स्वागत भाषण में एमएल साहू ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। प्रधानपाठक महेंद्र बघेल ने कार्यक्रम के महत्व को प्रतिपादित किया। संकुल समन्वयक मंगलदास बंजारे ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। संकुल प्राचार्य डॉ कुसुम ठाकुर ने अभिभावकों को पाठ्यचर्या से अवगत कराया। इस मौके पर सरपंच उषा साहू ने बच्चों को देश के भविष्य बताया। इस मौके पर जनपद सदस्य दीपकबाई पटेल, संगीता साहू, कुमारीबाई मंडावी, शिवकुमारी निषाद, मंगलदास बंजारे, कुंती साहू, शैलेंद्री निषाद, दीनाराम सोनकर, श्रीराम मारकंडे, सुजाता भेलोटकर, सुंदर साहू, केजू दास मानिकपुरी, राजेश हिचामे, संतोष देवांगन, पीडी साहू आदि मौजूद थे।

**डोंगरगढ़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय



बोरतलाव में जिपं सभापति अनीता मंडावी के आतिथ्य में प्रवेश उत्सव मनाया गया। अध्यक्षता सरपंच कैलाश उइके ने की। विशिष्ट अतिथि सरिता मंडावी, ओंकारसिंह राजपूत, मनीष यादव, ममता लाउत्रे, कार्तिक नंदेश्वर, प्रदीप उजवने, वंदना चौरे थी। दीप प्रज्वलन के बाद प्राचार्य श्रीमती चौरे ने स्वागत भाषण दिया। इस मौके पर अतिथियों ने छात्र छात्राओं का स्वागत करते हुए निःशुल्क पुस्तक एवं गणवेश वितरित किया। कक्षा नवमी के नव प्रवेशी छात्राओं को पाठ्य-पुस्तक एवं निःशुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण किया गया ।आभार प्रदर्शन वरिष्ठ

### वीणा के अंकों में सात फीसदी की बढ़ोत्तरी



**डोंगरगांव।** मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक स्कूल की कक्षा 12वीं की छात्रा वीणा साहू ने 94 फीसदी अंकों के साथ परीक्षा में सफलता हासिल किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा पूर्व घोषित किए गए नतीजे में 87 फीसदी अंक मिले थे। कम अंक मिलने पर उन्होंने पुनर्मूल्यांकन कराया तो उसके अंकों में सात फीसदी की वृद्धि हुई। 94 प्रतिशत अंकों के साथ वीणा ने तहसील में प्रथम और जिले में पांचवां स्थान हासिल किया। वीणा की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य सुनील पांडेय, शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, गौरीबाई झाड़े, संतोष वैष्णव, उमाराजे राजपूत, पवन ठाकुर, बीरेन्द्र बोरकर, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राज आदि ने बधाई दी है।



## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाई गई महेश नवमी

**राजनांदगांव।** माहेश्वरी पंचायत द्वारा महेश नवमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह एवं भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकाल भगवान शिव के रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजन-अर्चन से हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाते रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवाओं एवं समाज के नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया। इसके बाद नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सुसज्जित झांकियां आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में महिला, पुरूष एवं युवा वर्ग की उल्लेखनीय सहभागिता रही तथा पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय बना रहा।इस अवसर पर समाज के सभी बंधुओं ने सामूहिक रूप से महाप्रसादी ग्रहण की। महेश्वरी पंचायत के पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों, रक्तदाताओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उपरोक्त जानकारी माहेश्वरी पंचायत के सचिव आनंद लोहिया एवं कोषाध्यक्ष नंदकिशोर सोनी ने दी।

### जन्म शताब्दी वर्ष साहित्यिक समारोह 28 को



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ साहित्य सृजन समिति द्वारा आगामी 28 जून को संस्कारधानी के मूर्धन्य साहित्यकार पदुमलाल पुन्नालाल बख़्शी युगीन कवि साहित्यकार स्व. इंदुभूषण ठाकुर की जन्म शताब्दी वर्ष पर भव्य साहित्यिक समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उक्ताशय की जानकारी समिति के सचिव मानसिंह मौलिक व मीडिया प्रभारी पप्पू पौर्वात्य कलिहारी द्वारा दी गई है।

### आयुक्त ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर सीएम हेल्प लाइन से प्राप्त शिकायतो के निराकरण तथा सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी लेकर वर्षा ऋतु के लिए आवश्यक तैयारी करने के अलावा बाढ़ नियंत्रण टीम गठित करने व कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने बैठक में वर्षा ऋतु में अत्याधिक वर्षा के कारण पानी भरान क्षेत्र का चिन्हांकन, आवश्यक व्यवस्था तथा बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर बचाव के उपाए एवं व्यवस्था के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि बाढ़ नियंत्रण टीम गठित कर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाए। तीन पालियों में अधिकारियों व कर्मचारियों को दायित्व सौंपा जाए। इसके अलावा आवश्यक संसाधन रखना सुनिश्चित करें, सभी तकनीकी अधिकारी अपने-अपने वार्ड में पानी भरान क्षेत्र का चिन्हांकन करें तथा पानी निकासी व अन्य आवश्यक व्यवस्था अभी से दुरूस्त करें, ताकि वर्षा का पानी आसानी से निकल सके। उन्होंने नाली-नालों से जाली निकालने कहा। जिससे बारिश का पानी निकलने में असानी हो। कहीं पर भी पानी भरान की स्थिति निर्मित हो, वहां तुरंत निकासी के लिए तैयारी रखे। पानी निकासी में जो भी बाधा हो उसे तुरंत हटाए। बैठक में दीपक खांडे, यूके रामटेके, प्रणय मेश्राम, गरिमा वर्मा, सुषमा साहू, राजेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### प्रभावितों-आश्रितों को अनुदान राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके तहत राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि व आंधी तूफान से 1 मकान पूर्णतः क्षति होने पर 1 लाख 20 हजार रुपए एवं सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा छुरिया तहसील अंतर्गत नाला के पानी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं सर्पदंश से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता अनुदान राशि आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को स्वीकृत की है।

## परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट का उपयोग करने की अपील

# ई-चालान के नाम पर हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

परिवहन विभाग द्वारा नागरिकों को ई-चालान के नाम पर हो रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की गई है। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि साइबर अपराधी परिवहन विभाग की वेबसाइट के समान क्लोन पेज तैयार कर नागरिकों को ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन का भय दिखाते फर्जी संदेश एवं लिंक भेज रहे हैं।

इन लिंक पर क्लिक करने के बाद नागरिकों से उनकी व्यक्तिगत जानकारी, बैंक खाता, डेबिट-क्रेडिट कार्ड अथवा यूपीआई संबंधी जानकारी प्राप्त कर धोखाधड़ी की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध लिंक, शॉर्ट लिंक अथवा अज्ञात वेबसाइटों पर क्लिक नहीं करने कहा है। ऐसे फर्जी लिंक प्रायः अज्ञात मोबाइल नंबरों से भेजे जाते हैं तथा इनमें शासकीय डोमेन के स्थान पर संदिग्ध डोमेन नामों का उपयोग किया जाता है। इन संदेशों में तत्काल भुगतान करने अथवा कानूनी कार्रवाई की धमकी देकर लोगों पर दबाव बनाया जाता है। कई मामलों में लिंक खोलने पर सीधे कार्ड, बैंक खाता अथवा यूपीआई संबंधी जानकारी मांगी जाती है तथा कभी-कभी मोबाइल एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए भी कहा जाता है।




### साइबर हेल्पलाइन में करें शिकायत

नागरिकों से किसी भी अज्ञात व्यक्ति को ऑनलाइन भुगतान नहीं करने तथा बैंकिंग व डिजिटल लेन-देन के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध कॉल, संदेश, लिंक अथवा मोबाइल एप्लीकेशन के संबंध में निकटतम पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराएं अथवा साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। परिवहन विभाग द्वारा साइबर ठगी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नागरिकों से सतर्क, जागरूक एवं सुरक्षित रहने का आग्रह किया गया है।

### अधिकृत वेबसाइट का करें उपयोग

उन्होंने कहा कि वास्तविक ई-चालान की जानकारी प्राप्त करने के लिए केवल परिवहन विभाग की अधिकृत वेबसाइट **https://echallan.parivahan.gov.in** का ही उपयोग करें। वेबसाइट के पेज ऑनलाइन विकल्प में जाकर चालान नंबर एवं कैप्चा कोड दर्ज कर गेट डिटेल पर क्लिक करने के पश्चात मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से चालान का विवरण देखा जा सकता है। उन्होंने बताया कि पुलिस एवं परिवहन विभाग के प्रवर्तन अमले द्वारा किए गए प्रत्येक वैध ई-चालान की सूचना वाहन स्वामी के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर केवल अधिकृत ई-चालान प्रणाली के माध्यम से ही भेजी जाती है।

# अग्रवाल नवयुवक मंडल का निर्वाचन आयोजित



**राजनांदगांव।** अग्रवाल नवयुवक मंडल के निर्वाचन में अध्यक्ष पद पर चैतन्य संजय अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष पद पर राहुल अशोक लोहिया निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। दोनों पदाधिकारियों के निर्विरोध निर्वाचन पर समाजजनों एवं शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते उन्हें शुभकामनाएं दी।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए थे। निर्धारित समयावधि में इन दोनों पदों के लिए उक्त दोनों के अलावा अन्य कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। इसके बाद चुनाव अधिकारियों ने दोनों प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। चुनाव अधिकारी अशोक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, शशांक अग्रवाल एवं कान्हा सिंघल की उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी अशोक अग्रवाल ने औपचारिक घोषणा करते चैतन्य संजय अग्रवाल को अध्यक्ष तथा राहुल अशोक लोहिया को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

इस अवसर पर अग्रवाल नवयुवक मंडल के निवृतमान अध्यक्ष हर्ष लोहिया एवं निवृत्तमान कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में मंडल नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा तथा समाजहित के कार्यों को और गति मिलेगी। उक्त जानकारी अग्रवाल सभा के प्रचार-प्रसार प्रभारी हर्षित अग्रवाल ने दी।

# रामपुर में नशामुक्ति जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ग्राम रामपुर में नशामुक्ति जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत नशामुक्ति विषय पर दीवारों पर प्रेरक नारों का लेखन, सामूहिक नशामुक्ति शपथ, जनजागरूकता रैली एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। स्वयंसेवकों ने पूरे ग्राम में रैली निकालकर नशे के दुष्परिणामों से लोगों को अवगत कराया तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया।

कार्यक्रम में राजगामी संपदा अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, शा.शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा, समाजसेवी कांति सिन्हा, मोना गोसाई, संगीता शुक्ला, मीना सोनी, अनिता फ्रांसिस, एन. कुमारी महोबिया, महिला समूह की सदस्य, मितानिन, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. एसआर कन्नौजे, अमितेश झा, दलनायक युगल साहू, उपदलनायक संकेत साहू एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की उपस्थिति के साथ रामपुर सरपंच यतीश सिन्हा, उपसरपंच भारतलाल साहू, जनपद सदस्य मनीष साहू, पंचगण हरिशचंद नेताम, रूपचंद ठाकुर, सत्यव्रत यादव, गौकरण सिन्हा, पार्वती सिन्हा, गुलाब अरकरा, लता अरकरा, जमुना ठाकुर, पुष्पलता साहू, पूनम तारम, बसंती पनिका, निर्मला सिन्हा, रोशनलाल साहू एवं लक्ष्मी रामटेके शामिल रहे। इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रवि सिन्हा ने कहा कि नशा किसी भी व्यक्ति की प्रतिभा, परिवार की खुशहाली और समाज की प्रगति का सबसे बड़ा शत्रु है। युवा शक्ति यदि नशे से दूर रहकर शिक्षा, खेल, सेवा और राष्ट्र निर्माण में अपनी ऊर्जा लगाए तो भारत को विकसित राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता। हम सभी का कर्तव्य है कि अपने परिवार, मोहल्ले और गांव को नशामुक्त बनाने का संकल्प लें तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। अंत में उपस्थितजनों ने नशा न करने एवं समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ ली।

# जिला पंचायत के खिलाफ लामबंद हुए सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

बस्तर के बाद इस अनुसूचित जनजाति जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में जिला पंचायत के भ्रष्ट कार्यप्रणाली के खिलाफ लामबंद हुए जिलेभर के 185 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने मोर्चा खोल दिया है। सरपंचों का आरोप है कि जिला पंचायत ने करोड़ों का काम बाहरी ठेकेदारों को बांट दिया है।

ग्राम पंचायत के भीतर गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। पंचायत प्रतिनिधि बेरोजगार हो गए हैं। ऊपर से जिला पंचायत की सीईओ भारती चंद्राकर सरपंचों को अपमानित कर रही है। इस अधिकारी राज के खिलाफ जिलेभर के सरपंच एक होकर प्रशासनिक कार्यों का बहिष्कार कर दिए हैं। इधर आज इस मामले को लेकर बेहद तीखे स्वर में विधायक इंद्रशाह मंडावी ने अपने निवास कार्यालय में विशेष पत्रकारवार्ता को संबोधित कर प्रशासनिक व्यवस्था पर बेहद संगीन आरोप लगाए हैं। उन्होंने जिले के ग्राम पंचायत में सरपंचों के अधीन चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों पर ठेकेदारी तंत्र, जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे दुर्व्यवहार को लेकर बड़ा आरोप लगाया है।



### सब मिलकर करेंगे विरोध : विधायक

मोहला-मानपुर विधायक इंद्रशाह मंडावी ने प्रेसवार्ता में कहा कि अभी इसी सप्ताह जिलेभर के 185 सरपंचों ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं कलेक्टर से अपनी मांगो को लेकर मुलाकात करना चाहा, जहां उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया है। जिससे आक्रोशित सरपंचों ने 24 जून के विशेष ग्रामसभा का भी बहिष्कार किया था। जिले में लोक शिक्षण मद से स्वीकृत 282 तथा 181 लाख के प्रार्थना शेड एवं मरम्मत जैसे निर्माण कार्य को बाहरी ठेकदार के माध्यम से कराए जाने का भी विरोध किया है।

### महीनों लटकाए जा रहे है फाइल

सरपंचों ने बताया कि संबंधित एसडीओ व सब-इंजीनियर द्वारा भौतिक सत्यापन और मूल्यांकन पूरा होने के बावजूद फाइलों में अलग-अलग त्रुटियां बताकर भुगतान रोका जा रहा है। जिसके कारण उन्हें जिला पंचायत व जनपद के चक्कर काटने पड़ रहे है। इधर विशेष ग्रामसभा का बहिष्कार कर जिलेभर के सरपंच सामूहिक इस्तीफा देने की तैयारी में हैं।

### जिला पंचायत से खुलेआम चल रहा है भ्रष्टाचार का खेल

विधायक इंद्रशाह मंडावी तथा सरपंचों का आरोप है कि जिले में 288.50 लाख के डोम शेड कार्य में मनमानी एवं भर्राशाही, अधोसंरचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि से स्वीकृत डोम शेड निर्माण कार्य का स्वीकृति को मोनू राठी बालोद एवं राजू अग्रवाल गुंडरदेही के ठेकेदार के माध्यम से कराया जा रहा है। जिसमें योजना के अनुरूप कार्य नहीं हो रहा है। इसी तरह मुख्यमंत्री समग्र विकास के कार्य को भी ठेकेदार के माध्यम से कराए जाने का आरोप सीधे विधायक ने अधिकारियों पर लगाया है।

### जिला सतनामी सेवा समिति की आमसभा 28 को

**राजनांदगांव।** जिला सतनामी सेवा समिति पंजीयन क्रमांक 5041 की महत्वपूर्ण आमसभा का आयोजन 28 जून को सुबह 11.30 बजे सतनाम भवन में किया जाएगा। उक्त निर्णय जिला अध्यक्ष युवराज ढिडहेर की अध्यक्षता में आयोजित समिति की बैठक में पदाधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से लिया गया है। इस आमसभा में 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक की समिति की आय-व्यय का विस्तृत लेखा-जोखा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही संगठन की गतिविधियों एवं आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। समिति के सचिव ऋषिराज खरे ने बताया कि समाज के सभी सम्मानित नागरिकों, आजीवन सदस्यों, सक्रिय सदस्यों, राजमहंत, जिला महंत, साधु-संतों, मातृशक्ति, ग्राम भंडारी, साटीदार, सभी ब्लॉक अध्यक्षों, युवा प्रकोष्ठ, महिला प्रकोष्ठ एवं समस्त पदाधिकारियों और सदस्यों से टीम सदस्यों के साथ अधिक संख्या में उपस्थित होकर सभा को सफल बनाने अपील की गई है।


### स्कूल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्काउट गाइड भवन स्टेट स्कूल परिसर में योगाभ्यास सत्र एवं जीवन में योग का महत्व पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षक द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग के स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में विष्णु प्रसाद साव, महेश खंडेलवाल, मयूख श्रीवास्तव, मुन्नालाल साहू, सरिता साहू सहित विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड रोवर रेंजर शामिल हुए। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक संगीता साहू द्वारा योग के विभिन्न आसानों का अभ्यास कराया गया।

# मनगटा होटल एंड रिसोर्ट्स ओनर वेलफेयर सोसाइटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के मनगटा क्षेत्र में होटल, रिसोटर्स, होमस्टे आदि व्यवसाय से जुड़े हुए विभिन्न लोगों की मिरेकल क्लब, मनगटा जिला राजनांदगांव में आमसभा संपन्न हुई। इस आमसभा में ग्राम झूराडबरी स्थित मनगटा के सभी होटल, रिसोटर्स, होमस्टे के मालिकों ने एक वेलफेयर सोसाइटी का गठन किया है। इस समिति का कार्यालय मिरेकल रेस्टोरेंट में बनाया गया है। समिति का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। समिति के अध्यक्ष के रूप में पिंजरा हाउस रिसोर्ट के मालिक अमित कुमार शर्मा को मनोनीत किया गया है। उपाध्यक्ष पद पर सन्नी सिंह, सचिव क्षीरसागर प्रसाद, संयुक्त सचिव सुरेश मोकौल, कोषाध्यक्ष कुणाल सिंह, कार्यालय प्रमुख घनश्याम, प्रवक्ता चमन राजपूत को नियुक्त किया गया है। सक्रिय सदस्य के रूप में पुष्पा



निंबालकर, बी. ललित कुमार, शीबा हार्वे और डॉक्टर यादवेंद्र धोटे को पदाधिकारी बनाया गया है।

आमसभा में प्रमुख रूप से जयप्रकाश सिंह, राममनोहर साहनी, आरके वर्मा, चंद्रेश तिवारी, अजय कुमार सिंह, अनिल सतवाने, अर्जुन वर्मा, अतुल शर्मा, बीएस नायक, अक्षय भोस्कर, विधु दत्त, सूरज वर्मा, विष्णुचंद्र ढली, दिनेश चंद्राकर, अनिल शुक्ला, विकास मालानी, जेके डे, कलोल सेन शर्मा, कामता चंद्राकर, लीलावती वर्मा, नारद लाल सोनी, मुकेश चौहान, नीरज उपाध्याय, गौतम जैन, अभिषेक सिन्हा, प्रवीण दंगे, अरविंद देवांगन, कुमारी दीपशिखा, पूजा, सचिन जोगलेकर, जीएस राव, संध्या, शिखर डॉ. सुनील भुसारी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### नियमों का होगा पालन

नवनिर्वाचित अध्यक्ष अमित कुमार शर्मा ने कहा कि लंबे समय से कई ऐसी अनअपेक्षित घटनाएं हो रही थी। जिसके कारण लगातार दुर्घटनाएं बढ़ रही थी। मनगटा क्षेत्र का नाम खराब हो रहा था। भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना को रोकने शासन-प्रशासन के समस्त नियमों को कठोरता से लागू करने यह आमसभा बुलाई गई थी। इस आमसभा में लगभग सौ से अधिक लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई। उपस्थित सदस्यों ने जानबूझकर आपराधिक गतिविधियों पर राजनीति करने और रिसोर्ट मालिकों को बदनाम करने की शिकायत की, जिस पर समिति के अध्यक्ष ने कहा कि शासन-प्रशासन के सहयोग से सभी कार्य नियमानुसार करना आवश्यक है। कानूनों को कठोरता के साथ लागू किया जाएगा तो स्वभाविक रूप से ऐसी घटनाएं बंद होगी। इस हेतु समिति द्वारा कुछ विशिष्ट नियम बना दिए गए हैं। जिसके तहत रिसोटर्स में बुकिंग के लिए सर्वप्रथम परिवार को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही व्यवसायी और कॉरपोरेट सहित बालिग युगल, दंपत्ति को ही बुकिंग के लिए अनुमति दी जाएगी। रात्रि के समय 8 बजे के बाद किसी तरह की बुकिंग नहीं की जाएगी। किसी भी अनाधिकृत प्रवेश को रोकने हाई सेंसिटिव कैमरा की व्यवस्था की गई है। साथ ही निजी सुरक्षा एजेंसी को गेट पर नियुक्त कर दिया गया है। पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समाज के संभ्रांत और प्रतिष्ठित नागरिकों ने अपने-अपने स्तर पर जो निवेश किया है, उससे सैकड़ों स्थानीय लोगों को रोजगार प्राप्त हुआ है, इसलिए समिति की ओर से शासन-प्रशासन द्वारा सहयोग की अपेक्षा भी की गई है। सभी रिसोटर्स, होमस्टे और होटल मालिकों का विवरण पुलिस प्रशासन को सौंपा जाएगा। किसी भी अवांछित घटना पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## नियुक्ति तिथि तथा पदोन्नत शिक्षकों की समस्या सालों से लंबित

# लंबित मांगों को लेकर फेडरेशन ने दिया ज्ञापन, जिला प्रशासन से मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

प्रदेश के सबसे सशक्त व अनुशासित शिक्षक संगठन छग सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने जिलाध्यक्ष रामलाल साहू के नेतृत्व में जिला शिक्षा अधिकारी, तहसीलदार और विकासखंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर 3 प्रमुख लंबित मांगों के जल्द निराकरण की मांग की।

वरिष्ठता सूची में सुधार को सम्मान की लड़ाई बताते कहा कि संभाग स्तरीय वरिष्ठता सूची में बीते साल 25 से हजारों दावे के बाद भी नाम, नियुक्ति तिथि, मृत/पदोन्नत शिक्षकों की त्रुटियां जस की तस बनी हुई है, जो सबसे बड़ी समस्या है। मामले में जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल केपी साव ने शीघ्र त्रुटि सुधार कर संशोधित सूची जारी करने का आश्वासन दिया।



### डीईओ ने दिया आश्वासन

उच्च परीक्षा अनुमति समस्या को लेकर कहा कि नियमानुसार अनुमति लेकर उच्च शिक्षा उत्तीर्ण करने वाले शिक्षकों को कार्योत्तर प्रमाण पत्र नहीं दिया जाता जिसके कारण वेतन वृद्धि और पदोन्नति में बाधा होती है। उक्त विषय पर भी डीईओ ने जल्द आदेश प्रसारित कर सभी लंबित प्रकरणों पर कार्योत्तर अनुमति देने का आश्वासन दिया।

### प्रमाण पत्र की मांग

तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में फेडरेशन सदस्यों ने कहा कि ग्रीष्मावकाश के दौरान घर परिवार छोड़कर तपती धूप मे घर घर जाकर जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को कर्तव्य प्रमाण पत्र न मिलने की बात पर तहसीलदार ने एक सप्ताह के भीतर सभी कर्मचारियों को कर्तव्य प्रमाण पत्र जारी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रामलाल साहू साथ खैरागढ़ ब्लॉक अध्यक्ष दुर्गेश कुमार सोनी, छुईखदान ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम देशमुख, प्रणय महोबे, कोमलचंद कोठारी, बलिराम वर्मा, कृष्णा वर्मा, संजू कंवर, दोदेश्वर चंदेल, भिखेन्द जंघेल, शिवचरण वर्मा ,सुधीर नायक, तरण धुर्वे, रमन मोटवानी समेत सैकड़ो की संख्या में, ब्लॉक एवं संकुल पदाधिकारी उपस्थित थे।

# 3788 किशोरी बालिकाओं का एचपीवी टीकाकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय निर्देशानुसार किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर (गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर) जैसी गंभीर और जानलेवा बीमारी से बचाव के लिए जिले में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत 14 वर्ष पूर्ण और 15 वर्ष तक की बालिकाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों में निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन की एकल खुराक दी जा रही है। बेहतर रिकॉर्ड के लिए इस पूरी प्रक्रिया को यू-विन डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया है, जहां लाभार्थी का डिजिटल सर्टिफिकेट भी डाउनलोड किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार सही उम्र में ली गई यह सिंगल-डोज वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर को रोकने में 93 से 100% तक प्रभावी है।

### चिकित्सकों की निगरानी में टीकाकरण

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान अंतर्गत 3788 किशोरी बालिकाओं को चिकित्सकों की निगरानी में एचपीवी टीकाकरण किया गया है। जिसमें टीकाकरण उपरांत कोई भी प्रतिकूल प्रभाव नहीं हुआ है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित और जांची-परखी है। टीका लगवाने माता-पिता या अभिभावक की सहमति अनिवार्य है। इस अभियान को सफल बनाए जाने हेतु समस्त शिक्षा विभाग एवं निजी तथा शासकीय हाई स्कूलों में कैंप मोड में शिविर लगाकर वैक्सीनेशन किया जाएगा। उन्होंने सभी अभिभावकों, स्कूल और सामाजिक संगठनों से राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण अभियान को सफल बनाने योगदान देने की अपील की है। उन्होंने अभिभावकों से अपनी बेटियों के उज्ज्वल और स्वस्थ भविष्य के लिए नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर एचपीवी टीकाकरण कराने का अनुरोध किया है। एचपीवी टीकाकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी निकटतम शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों से प्राप्त की जा सकती है।

## सार समाचार

### उर्से हुजूर मुफ्ती-ए-आज़म 29 को

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के उमरवाही में आगामी 29 जून को एक रोजा अज़ीमुश्शान ज़िक्र-ए-शोहदाए कर्बला व उर्से हुजूर मुफ्ती-ए-आज़म हिंद का प्रोग्राम रखा गया है। जिसमें मेहमाने खुसूसी कन्नौज यूपी से मुफ्ती ईसा राजवी कादरी, कानपुर यूपी से कारी मोहम्मद मुख्तार रज़वी, रायपुर से मौलाना निसार अहमद हन्फी और डोंगरगांव से खातिब व ईमाम आकिब रजा जिक्र कर्बला की तकरीर करेंगे। वहीं प्रोग्राम में शाकिर रजा, मौलाना अल्हाज हबीब रज़ा, अनवर रजा, नासिर रजा, असलम रज़ा, हाफिज असगर रजा, जावेद रजा, हज़रत हाफिज़ ताहिज रज़ा, साजिद रजा, रिज़वान रजा, गुलाम रसूल, याकूब रज़ा, शाहिद रज़ा रौनक के स्टेज होंगे। इस मौके पर देर शाम बाद नमाज मग़रिब आम लंगर का अहतमाम किया गया है।

### सामाजिक संस्था ने शुरू किया वृक्षारोपण अभियान

**राजनांदगांव।** जिले के ग्राम गिधवा घुमका में सक्रिय नई सोच सामाजिक संस्था द्वारा इस वर्ष भी पर्यावरण संरक्षण, अल्प वर्षा और ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी गंभीर समस्याओं को ध्यान में रखते हुए अपने वार्षिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ कर दिया गया है। संस्था पिछले दस वर्षों से लगातार यह अभियान चला रही है। इस वर्ष के अभियान की शुरुआत संस्था के संस्थापक और छत्तीसगढ़ पुलिस के सहायक उप निरीक्षक श्री चंद्रभूषण साहू की सुपुत्री चंचल साहू के जन्मदिन के शुभ अवसर पर 20 जून को की गई। इस दौरान बरगद, पीपल और नीम जैसी प्रजातियों के औषधीय व छायादार पौधे रोपे गए। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि जल्द ही एक व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसके लिए पौधों की व्यवस्था कर ली गई है। इस आगामी आयोजन में वृक्षारोपण के साथ-साथ क्षेत्र के प्रतिभावान छात्र छात्राओं और वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान भी किया जाएगा। इस शुभारंभ कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष हार्दिक साहू, सचिव लीलाधर साहू, कोषाध्यक्ष पेमू राम साहू, सलाहकार प्रेमनारायण साहू सहित ग्रामीण और संस्था के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



### बजरंगपुर-धनगांव में चोरी, नगदी व सामान पार

**राजनांदगांव।** घर में प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने आभूषण सहित नगदी रकम की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।



पुलिस के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बजरंगपुर नवागांव स्थित एक मकान में गत रात्रि प्रवेश कर अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे नगदी रकम व सोने-चांदी के जेवर एवं नगदी रकम को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

**ताला तोड़कर चोरी-** भवन का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने भवन में रखे सामग्रियों की चोरी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धनगांव स्थित ड्राइविंग स्कूल भवन का ताला तोड़कर गत रात्रि अज्ञात चोरों ने 6 नग एलईडी टीवी, 10 नग फाईबर कुर्सी, 2 कटर मशीन, केबल वायर को चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। इधर उक्त चोरी की घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

### कई पुलिसकर्मी तथा राहगीरों की बची जान

# बच्ची को रौंदकर 60 किमी तक ट्रक ड्राइवर ने मचाया मौत का तांडव

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले से हिट एंड रन का बेहद सनसनीखेज मामला सामने आया है। आज सुबह 10.30 बजे के लगभग राजनांदगांव-चंद्रपुर हाईवे में अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के गुंडरदेही गांव में तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क किनारे खड़ी एक मासूम बच्ची को कुचल दिया। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद नशे में धुत हालत में ट्रक सहित फरार हो रहे ट्रक चालक ने तेज रफ्तार ट्रक को तीन थाना, एक पुलिस चौकी को क्रॉस करते 60 किलोमीटर तक मौत के तांडव के बीच कोहराम मचा दिया। अंततः बेहद मशक्कत के बाद ट्रक को घेराबंदी कर कोरकोट्टी में पुलिस द्वारा आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि आज सुबह 10.30 बजे के लगभग राजनांदगांव-चंद्रपुर स्टेट हाईवे में ट्रक के नशे में चूर ड्राइवर देवेंद्र सिंह ने तेज रफ्तार ट्रक से अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम गुंडरदेही में सड़क किनारे खड़ी 11 वर्षीय मासूम बच्ची पूनम खवाश पिता राजेश खवाश को रौद डाला। इस घटना में बच्ची की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद ट्रक को रोकने के बजाय धुत ट्रक चालक ट्रक सहित फरार होने लगा। घटनास्थल से ग्रामीणों ने अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनी राठौर को तत्काल फोन पर घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने ट्रक को रोकने अंबागढ़ चौकी राजीव गांधी चौक में प्रयास किया, परंतु ट्रक ड्राइवर बेतहाशा ट्रक को भागते हुए घटनास्थल से 60 किमी दूर मोहला-मानपुर-पानाबरस होते हुए कोहका कोरकोट्टी तक ट्रक को भगा ले गया। इस बीच ट्रक को रोकने तीन थाना व एक पुलिस चौकी की पुलिस पार्टी सहित आम लोग लगे रहे, परंतु मौत का सफर तय करते ट्रक ड्राइवर ने तमाम बैरिकेट्स को तोड़ते कई किमी का सफर तय कर लिया। अंततः कोरकोट्टी गांव में पुलिस की घेराबंदी के बीच ट्रक को काबू में किया गया।



#### हाईवे में कोहराम

सड़क हादसे के बाद राहगीरों की मदद से पुलिस ने अंबागढ़ चौकी, मोहला-मानपुर में बैरिकेडिंग की, लेकिन चालक बैरिकेड्स तोड़कर भाग निकला। इस दौरान बैरिकेडिंग पर तैनात पुलिसकर्मी सहयोग कर रहे आम नागरिक भी बाल-बाल बच गए। आखिरकार पुलिस ने पीछा कर कोरकोट्टी गांव के पास आरोपी चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

**गुंडरदेही गांव में तनाव :** गुंडरदेही गांव में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौके पर मौत होने के बाद घंटों गांव में तनाव रहा। ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। इधर 60 किमी तक हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक का कोहराम के बीच जैसे-तैसे पुलिस प्रशासन ने ट्रक को काबू किया। बच्ची के शव को घटनास्थल से उठाकर किसी तरह पीएम कराने अंबागढ़ चौकी तक पहुंचाया।

#### आरोपी ट्रक ड्राइवर के आगे-पीछे पुलिस

बेहद तेज रफ्तार ट्रक से स्टेट हाईवे में राहगीरों की जान ना चली जाए एवं जिला मुख्यालय मोहला का आज साप्ताहिक बाजार होने के कारण भीड़ कुचला ना जाए। जिसके लिए आगे से पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी हाईवे से लोगों को हटा रही थी तो पीछे से सायरन बजाते पुलिस की अन्य गाड़ी ट्रक का पीछा करने में लगी हुई थी। अंबागढ़ चौकी थाना प्रभारी अश्वनी राठौर, मोहला थाना प्रभारी संदीप टोप्पो, मानपुर थाना प्रभारी कपिलदेव चंद्रा की संयुक्त टीम के सूझबूझ के चलते किसी तरह मौतों का तांडव टला।

### 28 जून को प्रवेश द्वार का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** अखिल ब्रह्म नश्व वंदनीय, संत शिरोमणी सद्गुरू कबीर साहेब का 628वां प्रगट दिवस का जिला स्तरीय आयोजन आगामी 28 जून को नगर में सद्गुरू कबीर पंथ समाज द्वारा आयोजित है।

सद्गुरू कबीर प्रगट दिवस पर 28 जून को दोपहर 2 बजे सद्गुरू कबीर चौक में प्रवेश द्वार निर्माण हेतु भूमिपूजन किया जाएगा। तत्पश्चात कबीर पंथ अनुयायियों द्वारा नगर के विभिन्न मार्गों से शोभायात्रा एवं बाइक रैली निकाली जाएगी। सद्गुरू कबीर साहेब की आकर्षक झांकी/आमीन माता महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन, डीजे साउंड सिस्टम के माध्यम से शोभायात्रा एवं बाइक रैली शहर में भ्रमण करेगी। शोभायात्रा एवं बाइक रैली में लगभग 500 कबीर भक्तजनों की उपस्थिति होगी।

सद्गुरू कबीर प्रवेश द्वार के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, राजगामी संपदा समिति अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, संत/महंतगणों तथा सद्गुरू कबीर अनुयायी अधिक संख्या में उपस्थित होंगे। कबीर पंथ समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष भगवानी साहू एवं सचिव केडी साहू ने लोगों से उक्त कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की।

## ज़ियारत के लिए रखा गया ताजिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में मोहर्रम की 10 तारीख को शहर में मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा ताजिया बनाया गया। इस दौरान ताजिये की जियारत के लिए इसे शहर के रानीसागर स्थित अटल सैयद की दरगाह के समीप रखा गया, जहां अकीदतमंदों ने पहुंचकर ताजिया की जियारत की। मोहर्रम के मौके पर शहर में मुस्लिम तेली पंचायत द्वारा ताजिया बनाया जाता है। अपनी परंपरा अनुसार शहर में इस वर्ष की 3 ताजिया बनाई गई। मुस्लिम तेली पंचायत के हाजी मोहम्मद रियाज अशरफी ने बताया कि हज़रत इमाम हुसैन की याद में ताजिया बनाया जाता है। उन्होंने बताया कि ताजिया बनाने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। ताजिया की जियारत करने वाले मन्नत करते हैं, उनकी मन्नतें भी पूरी होती है।



#### लंगर और विभिन्न आयोजन

कर्बला के शहीदों की याद में बनाई गई ताजिया के दौरान नातख्वा ने नात शरीफ भी पेश की। वहीं आम लंगर का आयोजन करते शरबत वितरण भी किया गया। प्रति वर्ष शहर के बीच ताजिया निकालकर भ्रमण कराए जाने की परंपरा रही है, जिसे कुछ वर्षों से समाप्त करते अब एक जगह ही ताजिया बनाकर रखा।

## आयुक्त ने कर्मचारी संघों की ली बैठक

- कर्मचारी हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर की गई विशेष चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने गत दिनों विभिन्न कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में परामर्शदात्री समिति की बैठक ली। बैठक में कर्मचारी हित से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार कर्मचारीहित एवं उनकी समस्या के निराकरण के लिए परामर्शदात्री समिति का गठन किया गया है। आज कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने बैठक बुलाई गई है। बैठक में कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों ने प्रमुखता से हर माह वेतन भुगतान करने कर्मचारियों की पदोन्नति, क्रमोन्नति, कार्यरत मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के अवकाश नगदीकरण, वेतन से काटी गई भविष्य निधि की राशि का भुगतान के अलावा नवीन अंशदायी पेंशन की राशि जमा नहीं होने तथा प्लेसमेंट कर्मचारियों को लंबे समय से वेतन नहीं मिलने व ईपीएफ की राशि जमा नहीं होने एवं कर्मचारियों के क्वाटर की मरम्मत कराने के अलावा सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ को विभिन्न गतिविधियां संचालन हेतु राशि दिए जाने संबंधी विषयों पर बिंदुवार चर्चा की गई।

बैठक में दीपक खाण्डे, राकेश नंदे, गोकुल प्रसाद कवर, प्रवीण झा, गोलू नायक, अजय मेश्राम, दुर्गाराम साहू के अलावा सभी संघों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 12 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा संचालित आरसेटी में संस्थान के निदेशक अमित मिश्रा के निर्देशन में 26 जून को फास्ट फूड स्टॉल लघु उद्यमी 12 दिवसीय निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का मूल्यांकन पश्चात प्रमाण पत्र देकर समापन किया।



प्रशिक्षण के दौरान डोमेन स्किल ट्रेनर आभा गुप्ता द्वारा केक निर्माण, बर्गर, पिज्जा, मोमोज, गुपचुप चाट, समोसा, कचौड़ी, कप केक, कटलेट, वेज बिरयानी, नूडल्स, हलवा, इत्यादि के बारे में स्वास्थ्य का ध्यान रखते प्रायोगिक जानकारी दी। साथ ही इन्हें उद्यमित विकास, बैंकिंग, लोन प्रकरण, जनसमर्थ से ऋण प्रक्रिया, उद्यम आधार पंजीयन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, बाजार सर्वेक्षण, संचार, समय प्रबंधन, आत्मविश्वास बढ़ाने वाला खेल इत्यादि की जानकारी बड़ौदा आरसेटी संस्थान के ऋषभ मिश्रा एवं प्रेमचंद साहू द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। फील्ड विजिट के दौरान इन्हें पूर्व प्रशिक्षार्थी रंजीता सोनवानी लघु उद्यमी और सफल व्यवसाई सिंगारपुर में भ्रमण कराया गया, ताकि उन्हें भी स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा मिले।

संस्थान के ऋषभ मिश्रा ने बताया सभी 28 प्रशिक्षार्थियों का मूल्यांकन पश्चात एनएसक्यूएफ लेवल का प्रमाण पत्र दिया जाएगा, जो भविष्य में काम आएगा। वर्तमान में फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी का प्रशिक्षण संचालित है, जहां 25 लोग निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। आगामी संभवतः 15 जुलाई से इलेक्ट्रिशियन, चूड़ी कंगन और सॉफ्ट टॉयज का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम के समापन में सोमू राजपूत, मोहन साहू, इंद्रेश ठाकुर और सभी प्रशिक्षार्थीगण मौजूद थे।

## आधार संचालकों का वृहत प्रशिक्षण आयोजित, शंकाओं का समाधान

**राजनांदगांव।** आधार पंजीयन एवं अद्यतन कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं सुचारू बनाने के उद्देश्य से जिले के आधार संचालकों का वृहत प्रशिक्षण कार्यक्रम कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के प्रतिनिधि शुभान द्वारा आधार संचालन से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।



प्रशिक्षण के दौरान आधार संचालकों की शंकाओं एवं व्यावहारिक समस्याओं का विस्तारपूर्वक समाधान किया गया। साथ ही आधार नामांकन एवं अद्यतन कार्यों में निर्धारित दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने तथा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने की जानकारी दी गई। अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने आधार सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में संचालकों को निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

प्रशिक्षण के दौरान जिले के सभी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार, सहायक प्रबंधक आशीष स्वर्णकार, जिला समन्वयक आधार अंकित सिंह सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी एवं आधार संचालक उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान 28 से

# बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की खुराक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के संबंध में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी राजनांदगांव में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान पल्स पोलियो अभियान के जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यशाला में बताया गया कि जिला स्तरीय पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 28, 29 एवं 30 जून 2026 को जिले के 0-5 वर्ष तक के कुल 111770 बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलायी जाएगी। अभियान के प्रथम दिवस 28 जून को सुबह 8 से शाम 5 बजे तक बूथ के माध्यम से पल्स पोलियो की खुराक बच्चों को पिलायी जाएगी तथा 29 एवं 30 जून को स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर भ्रमण कर बच्चों को शत-प्रतिशत दवा पिलायी जाएगी। पोलियो की दवा पिलाने जिले में कुल 447 बूथ बनाए गए हैं। 89 सुपरवाईजर की ड्यूटी लगाई गई है। कुल 894 टीम का गठन किया गया है। 1788 बच्चों को वैक्सीनेट किया जाएगा।

कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, सर्विलेंस मेडिकल ऑफिसर डब्लूएचओ डॉ. असिम रियाज खान, खंड चिकित्सा अधिकारी, प्रभारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक विकास राठौर, जिला डाटा प्रबंधक एनएचएम अखिलेश चोपड़ा, शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पूजा मेश्राम, जिला सलाहकार आरएमएनसीएचए स्नेहा जैन, अखिलेश नारायण सिंह एवं विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, विकासखंड डाटा प्रबंधक, बीईटीओ एवं समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी उपस्थित थे।



#### मोबाइल टीमें की गई गठित

अभियान को सफल बनाने मितानिन एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा अन्य सामाजिक संस्थाओं का विशेष योगदान हेतु समन्वयक किया गया है। पोलियो की दवा पिलाने से कोई भी बच्चा न छूटे इसके लिए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, ईंट भट्ठा, मदरसों और छात्रावासों के लिए ट्रांजिट और मोबाइल टीमें भी गठित की गई है। शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्रों में माईकिंग एवं दीवाल लेखन के माध्यम से पल्स पोलियो अभियान से नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही जिला स्तरीय मॉनिटरिंग टीम एवं कंट्रोल रूम की स्थापना कर ली गई है। जिसका मोबाइल नंबर 7744356770 है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 0-5 वर्ष के सभी बच्चों के अभिभावकों से बूथ में पहुंचकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने की अपील की गई है।



### पानी टंकी बनकर तैयार, लेकिन घरों तक नहीं पहुंच रहा है पेयजल

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फेल गांव-गांव में टंकी पर पानी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

ग्रामीण अंचलों में इन समय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पानी टंकी बनकर तैयार है लेकिन घरों तक नहीं पहुंच रहा है ये दिखावा पानी टंकी का निर्माण कराया गया है घरो घर के बने नल कनेक्शन तक नहीं पहुंच रहे हैं जिनके कारण से बच्चे से लेकर बुजुर्ग को सरकार की योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

वही भीषण गर्मी के चलते गांव-गांव पानी की समस्या गहराया गई है जिनके कारण से हैंडपंप भी दम तोड़ दी गई है वहीं दूसरे तरफ तालाब सूख गए हैं नदी नाले सुख चुके हैं इस कारण से लोग परेशान हैं जानकारी के अनुसार लोग इधर-उधर पानी के लिए भटकना पड़ रहा है सबसे ज्यादा बुजुर्ग लोगों को पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है अब सवाल उठने लगे हैं की पानी टंकी से लोगों को मीठा पानी का लाभ कब मिलेगा सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कब काम आएगा इसका कोई ठिकाना नहीं है शुरुआती में सरकार की योजना मीठा पानी मिलने का भरोसा था अब तो मीठा पानी तो दूर नल कनेक्शन तक पानी नहीं आ रहे हैं ऐसे में लोगों को मीठा पानी का सपना अधूरा रह गया इस योजना को तत्काल सफल बनाने के लिए कोई नई ठोस कदम सरकार को उठाने की जरूरत है ताकि घरो-घर के बने नल कनेक्शन तक सरकार का योजना पहुंच सके।

## शो पीस बन कर रह गई है सरकार की महत्वाकांक्षी योजना






इस ओर समय-समय पर उच्च अधिकारी द्वारा जांच किया जाना चाहिए की किसके घरों में मीठा पानी पहुंच रहा है किसके घरों में नहीं पहुंच रहा है ऐसी पहल करने की जरूरत है ताकि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ हर घरो तक पहुँच सके यह पानी की समस्या और जहां विशाल पानी टंकी बनकर तैयार है जो दिखावा ही रहकर बन गई है जो वर्तमान में शो पीस बन कर रह गई है जानकारी के अनुसार ठेकेदार ने अपनी लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए है इसलिए सरकार को संज्ञान लेने की जरूरत है ये उदाहरण रामहेपुर, चंदनपुर, बीजाझोरी, नाऊडीह, दौजरी, जेवडन खुर्द, बांझीमौहा, डबराभाट, घुकसा में जीता जागता एक दृश्य को देखा जा सकता है।

# दो पहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, दो आरोपी गिरफ्तार

- चोरी की गई छः बाइक बरामद, 1.56 लाख की संपत्ति जब्त।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



कबीरधाम पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की छः दोपहिया वाहन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 56 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस की इस कार्रवाई से जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के नेटवर्क का भी खुलासा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र सिंह एवं अमित पटेल के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में थाना कवर्धा पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। कोतवाली थाना प्रभारी योगेश कश्यप ने बताया कि ग्राम रणवीरपुर निवासी मनहरण सिंह क्षत्रिय ने अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 09 जेएफ 3893 चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों की पहचान की। जांच के दौरान रविदास नगर निवासी सुनील कोसले 26 वर्ष और गंगानगर निवासी सोनू 22 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की वारदातों को अंजाम देना स्वीकार कर लिया।

### चार जिलों से चुराई थीं मोटर साइकिलें

पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने कवर्धा, पंडरिया, बेमेतरा और रायपुर क्षेत्र से कई दोपहिया वाहन चोरी किए थे। चोरी के बाद वाहनों को अलग-अलग स्थानों पर छिपाकर रखा गया था। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने छः मोटर साइकिलें बरामद कीं, जिनमें हीरो स्प्लेंडर, होंडा शाइन, बजाज प्लेटिना सहित अन्य वाहन शामिल हैं।

### एक आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी मिला

विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ कर रही है।

# कोलेगांव में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव में नया शिक्षा सत्र में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव शासकीय हाई स्कूल कोलेगांव में 25 जून 2026 को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छाया चित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को जिसमें कक्षा पहली, छठवीं एवं कक्षा नवमी के छात्र-छात्राओं को तिलक लगाकर व मीठा खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं भेंट स्वरूप पेन प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि डॉ संतोष साहू एवं विकासखंड पंडरिया शिक्षा विभाग से आये हुए रामचन्द्र साहू एबीईओ के द्वारा बच्चों को शैक्षणिक गीत के माध्यम से नियमित स्कूल आने हेतु प्रोत्साहित किया। संकुल प्राचार्य राम कुमार साहू ने स्कूलों को मिलने वाली निःशुल्क सुविधा से अवगत कराते हुए । सभी छात्र-छात्राओं की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं संकुल के समस्त शिक्षक गण उपस्थित थे ।




# पेंचक सिलाट स्पर्धा में आरोही ने जीता स्वर्ण पदक

- शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक पर अधिकार जमाया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



अभ्युदय स्कूल, कवर्धा की होनहार छात्रा आरोही श्रीवास ने तृतीय छत्तीसगढ़ राज्य पेंचक सिलाट चैंपियनशिप–2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम कर विद्यालय, जिले एवं पूरे छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है।

यह प्रतिष्ठित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 14 एवं 15 मई को बिलासपुर में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आरोही ने प्रतियोगिता के दौरान असाधारण तकनीकी कौशल, अनुशासित खेल भावना, धैर्य, आत्मविश्वास एवं अदम्य साहस का परिचय देते हुए अपने सभी मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया और स्वर्ण पदक पर अधिकार जमाया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं जिलेवासियों में हर्ष एवं गौरव का वातावरण व्याप्त है। यह सफलता न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि विद्यालय में खेल प्रतिभाओं को निरंतर प्रोत्साहित करने की परंपरा तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता का भी प्रमाण है।

आरोही की इस उत्कृष्ट सफलता के आधार पर उनका चयन 14वीं सब-जूनियर एवं जूनियर राष्ट्रीय पेंचक सिलाट चैंपियनशिप 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ टीम में हुआ है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता 25 जून से 28 जून 2026 तक नासिक (महाराष्ट्र) में आयोजित होगी, जहाँ वे 44 से 46 किलोग्राम भार वर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। विद्यालय परिवार को पूर्ण विश्वास है कि आरोही राष्ट्रीय स्तर पर भी अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्वर्णिम सफलता अर्जित कर प्रदेश एवं अभ्युदय स्कूल का नाम राष्ट्रीय पटल पर गौरवान्वित करेंगी।

विद्यालय के प्राचार्य तोरण साहू ने आरोही को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए कहा, आरोही की यह गौरवपूर्ण उपलब्धि केवल एक स्वर्ण पदक जीतने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, कठोर परिश्रम, आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति अटूट समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण है। किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसकी निरंतर मेहनत, अभिभावकों का विश्वास, प्रशिक्षकों का समर्पित मार्गदर्शन तथा विद्यालय का सकारात्मक एवं अनुशासित वातावरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आरोही ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से यह सिद्ध कर दिया है।

# कायस्थ समाज ने की विजय शर्मा से भेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कायस्थ समाज कवर्धा के सदस्यों ने समाज के जिला अध्यक्ष डॉ अतुल वर्मा के साथ सौजन्य मुलाकात कर सामाजिक भवन में आमंत्रित किया एवं समाज की गतिविधियों से अवगत कराते हुए समाज के कार्यो के लिए सामाजिक भवन में हॉल की आवश्यकता से सदस्यों ने अवगत कराया, इसे कवर्धा के विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने सहर्ष स्वीकार करते हुए 10 लाख रू. अनुदान प्रदाय किया, इससे समाज के सभी लोग हर्षित है। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ जन शेखर बख्शी, संजय श्रीवास्तव, जागेन्द्र श्रीवास्तव, अवधेश नंदन श्रीवास्तव, रजनीशकांत श्रीवास्तव सौरभ श्रीवास्तव, राहुल, वैभव, आर्यन श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे ।

## खबर संक्षेप

### एक पेड़ माँ के नाम अभियान से हरित हो रहा

**कवर्धा।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के संकल्प के साथ कबीरधाम जिले में एक पेड़ माँ के नाम अभियान जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। यह अभियान केवल पौधरोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और भावनात्मक जुड़ाव का एक प्रेरणादायी जनआंदोलन बनता जा रहा है। जिले में इस वर्ष लगभग 9 लाख पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसकी प्राप्ति के लिए वन विभाग द्वारा व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ किए गए एक पेड़ माँ के नाम अभियान को जिले में विशेष प्राथमिकता के साथ क्रियान्वित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत वन विभाग द्वारा किसानों, नागरिकों, स्वयंसेवी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से पौधरोपण एवं पौध वितरण का कार्य किया जा रहा है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के नेतृत्व में जिला जेल का निरीक्षण

**कवर्धा।** उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में गठित बोर्ड ऑफ विजिटर्स तथा एम्पावर्ड समिति द्वारा आज जिला जेल, कबीरधाम का निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण उच्चतम न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सिविल) सुकन्या संस्था बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य तथा सतेन्द्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई एवं अन्य प्रकरणों में पारित आदेशों के परिपालन में किया गया। निरीक्षण दल का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संघरत्ना भतपहरी ने किया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का मनाया बलिदान दिवस

- वक्ताओं ने श्यामा प्रसाद के जीवनी पर सहविस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



मंगलवार को भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में कुण्डा मण्डल अंतर्गत 70 बूथों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

राष्ट्रीय भाजपा संगठन के आह्वान पर प्रदेश भाजपा के निर्देशानुसार जिला भाजपा अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी एवं मण्डल अध्यक्ष कुण्डा बालमुकुंद चंद्रवंशी के निर्देशा अनुसार मण्डल प्रभारी रूपेश जैन एवं कार्यक्रम मण्डल संयोजक संतोष चंद्रवंशी सह संयोजक दिनेश चंद्रवंशी के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम कुण्डा के बूथ क्रमांक 194 में प्रमुख वक्ता के रूप में ध्वजाराम चन्द्राकर बूथ क्रमांक 195 के कार्यक्रम प्रमुख वक्ता सूरज यादव बूथ क्रमांक 193 रामेश्वर साहू एवं बूथ क्रमाक 196 मुख्य वक्ता बबली साहू के गरिमामय उपस्थिति में भारत की एकता व अखंडता के प्रबल समर्थक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्य तिथि को बलिदान दिवस के रूप में श्रद्धापूर्वक मनाया गया।

वक्ताओं जिसमें ध्वजाराम चंद्राकर, सूरज यादव, रामेश्वर साहू एवं बबली साहू द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर श्रद्धासुमन अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान वक्ता सूरज यादव ने कहा भारतीय राजनीति के इतिहास में जिन भक्तियों ने अपने विचारों संघर्षों और सिद्धांतों से राष्ट्र को एक नई दिशा दी उनमें पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम सर्वोपरि है वे ऐसे दूरदर्शी नेता थे शिक्षाविद् विचारक और राष्ट्र भक्त थे जिनका संपूर्ण जीवन भारत की एकता अखंडता और स्वाभिमान के लिए समर्पित रहा। इस अवसर पर ध्वजाराम चन्द्राकर, सूरज यादव, राजेश यादव, रामेश्वर साहू, बबली साहू, सुरेश साहू, प्रताप सेन, शशांक शर्मा, साहेब लाल सोनवानी, रामनाथ चंद्राकर, पन्ना साहू, प्रेम कुमार चंद्राकर, सुरेश साहू, बलराम साहू, प्रमोद चंद्राकर, अनसुईया चंद्राकर, नेमीन साहू, रामकृष्ण वैष्णव सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कुण्डा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



ब्लाक के ग्राम कुंडा स्थित हायर सेकंडरी स्कूल परिसर में गुरुवार को संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि शाला विकास समिति कुंडा के अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, जनपद सदस्य, सरपंच हरेंद्र चन्द्राकर ने कक्षा 1 ली, 6 वी 9 वी के नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। जिसके पश्चात सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तक प्रदान किया गया। श्री मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि शासन द्वारा सभी बच्चों विशेष रूप से बालिकाओं के शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने सभी बच्चों को नियमित विद्यालय आकर ज्ञान प्राप्त करने की बात कही। उन्होंने कहा कि एक बालिका के शिक्षित होने पर पूरा परिवार शिक्षित होता है, इसलिए सभी पालकों से बालिकाओं को पढ़ाई का अवसर प्रदान करने की अपील की। सरपंच हरेंद्र चन्द्राकर ने कहा कि सभी बच्चों को शासन द्वारा पाठ्य पुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति, सायकल सहित हर प्रकार की सुविधा प्रोत्साहित करने प्रदान किया जाता है। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि शासकीय विद्यालय में सुविधा के साथ योग्य अनुभवी शिक्षक हैं, इसलिए शासकीय स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ने के लिए भेजें, साथ ही समय-समय पर विद्यालय जाकर शिक्षक व समुदाय के बीच सामंजस्य बनाये। जनपद सदस्य प्रतिनिधि गोलू सोनवानी, उपसरपंच मुमताज खान ने सभी पालकों से बच्चे को नियमित विद्यालय भेजने तथा स्कूल व गांव का नाम रोशन करने की बात कही तथा मन लगाकर पढ़ाई करने की अपील की। कार्यक्रम में वागीश चन्द्राकर पंचगण, प्राचार्य गुरुदीप सिंह मक्कड़, समन्वयक भागीरथी चन्द्राकर, सालिक यादव, राजेश सोनी, सुनील तिवारी, अवधेश मिश्रा समस्त स्टाप, छात्र व ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कच्चे मकान की मरम्मत में जुटे ग्रामीण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

क्षेत्र में आज भी गरीब लोग कच्चे मकान को खपरैला से ढक कर गुजर बसर करने के लिए मजबूर बरबसपुर ग्रामीण अंचलों में इन समय बरसात व गर्मी से निपटने तथा राहत के लिए गरीब लोग अपने-अपने बांस बल्ली से बने हुए कच्ची मकान के ऊपर छत को खपरेला से ढककर गुजर बसर करने के लिए तैयारी कर रहे हैं। ताकि बरसात के समय में बारिश से बच सके वहीं दूसरी तरह सरकार ने गांव-गांव पीएम आवास योजना के अंतर्गत गरीब हितग्राहियों को आवास का वितरण कर रहे हैं ताकि ऐसे गरीबों को पक्का आवास मिल सके और पक्का मकान में बरसात व गर्मी के समय में राहत मिल सके लेकिन ऐसे कई गरीब हैं जिसे आवास नहीं मिलने के कारण आज भी कच्चे मकान की मरम्मत में जुटे हुए हैं ताकि बरसात और गर्मी के समय में राहत मिल सके यह नजारा सिंघनपुरी बीजाझोरी, बरबसपुर, डबराभाट, सारंगपुर खुर्द, जेवडन खुर्द, दौजरी नाऊडीह, जरती, चंदनपुर, राम्हेपुर, गांगचुवा, जमुनिया में देखा जा सकता है।



## खबर संक्षेप

### हर्षोल्लाह के साथ मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव



**कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल व पूर्व माध्यमिक शाला भगतपुर एवं संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शिक्षा सत्र 2026-27 में ग्राम पंचायत भगतपुर सरपंच एवं पालकों द्वारा नव-प्रवेशी छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर मिठाई खिलाकर पुस्तक-कापी-पेन वितरण किया गया। कार्यक्रम में संकुल समन्वय, शाला के प्रधान पाठक, शिक्षक-शिक्षिकाएं, व्याख्याता द्वारा बच्चों की भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि गण, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं पालक गण बड़ी संख्या में उपस्थित थें

### पूर्व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी वनांचल प्रवास पर



**कोदवागोड़ान।** पंडरिया के पूर्व विधायक व संसदीय सचिव मोतीराम चंद्रवंशी गत दिवस वनांचल क्षेत्र में अपने निजी प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सरकार के गौरवशाली 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क एवं वरिष्ठ जन सम्मान कार्यक्रम के तहत क्षेत्र के ग्राम कामठी व मुनमुना में वरिष्ठ ग्रामीणों और समाज प्रमुखों से भेंटकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और मोदी सरकार की लोक-जनकल्याणकारी योजनाओं के अलावा देशहित की तमाम नीतियों और ऐतिहासिक विकास कार्यों से संबंधित पत्रक भेंटकर इनके होने वाले दूरगामी प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं ग्राम डालामऊहा व मंगली में आयोजित दशगात्र तथा जन्मोत्सव कार्यक्रमों में शामिल होकर ग्रामीणों से बातचीत की। ग्राम डालामौहा में हरिसिंह टेकाम के घर दशगात्र में शामिल होकर शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया तत्पश्चात ग्राम मंगली में भाजपा कार्यकर्ता कुमार मरकाम के निवास पर आयोजित जन्मोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने नवजात शिशु को अपनी आत्मीय शुभकामनाओं के साथ दीर्घायु और सुखद जीवन का आर्शीवाद दिया। इस अवसर पर पप्पू धुर्वे, तुकेश चंद्रवंशी, रिद्धराम श्याम, छुन्नी साहू, दीशी साहू, कुमार कश्यप, गनपत सिंह करचाम, राजू साहू, कुमार मरकाम, अमृत साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण और प्रबुद्ध जन उपस्थित थें।

### जिले में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में ठोस अपशिस्ट प्रबंधन नियम 2026 के क्रियान्वयन के लिए जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में व्यवहार परिवर्तन हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में 60 ग्राम पंचायतों में चार प्रकार के डिब्बे में कचरा इकट्ठा करनें का काम ग्राम में कार्यरत महिला स्वच्छग्रही के माध्यम से किया जा है। स्वच्छता दीदी द्वारा घर-घर दस्तक देकर अलग-अलग कचरे को लिया जा रहा है, जिससे ग्रामों में स्वच्छता का माहौल बन रहा है। साथ ही अन्य माध्यमों से भी लगातार ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में कोटवार के माध्यम से प्रतिदिन कचरा बाहर ना फेंकने, कचरा ना जलाने एवं कचरा को दीदियों को सौपने हेतु मुनादी कराया जा रहा है। इसके साथ-साथ जिला स्तर, जनपद स्तर एवं अन्य विभागीय अमले के द्वारा स्वच्छता दीदियों के साथ मिलकर ग्रामों में विजिट एवं घर-घर विजिट करते हुऐ सभी घरों से घर-घर सूखा कचरा, गीला कचरा, सेनेटरी कचरा एवं विशेष कचरा को महिला स्वच्छग्रही दीदियों को देने हेतु अपील किया जा रहा है।

### अन्नू विश्वकर्मा को ई-केवाईसी अपडेट में मिली सुविधा

**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य शासन द्वारा नागरिक सेवाओं को सरल, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए संचालित सेवा सेतु केंद्र आम लोगों के लिए बड़ी सुविधा साबित हो रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से विभिन्न शासकीय सेवाएं अब एक ही स्थान पर उपलब्ध हो रही हैं, जिससे लोगों का समय और श्रम दोनों बच रहे हैं। कवर्धा विकासखंड के ग्राम तमरूवा की निवासी अन्नू विश्वकर्मा को इसका लाभ मिला हैं। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी अपडेट नहीं होने के कारण उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में परेशानी हो रही थी। आवश्यक जानकारी मिलने पर वे सेवा सेतु केंद्र पहुंचीं और वहां ई-केवाईसी अपडेट कराने के लिए आवेदन प्रस्तुत किया। सेवा सेतु केंद्र में निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उनका आवेदन संबंधित विभाग को भेज दिया गया। अब उन्हें आवेदन की प्रगति और अपडेट की जानकारी मोबाइल पर प्राप्त हो जाएगी। इससे उन्हें बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। अन्नू विश्वकर्मा ने बताया कि पहले ऐसे कार्यों के लिए काफी समय भी लगता था, लेकिन सेवा सेतु केंद्र के माध्यम से पूरी प्रक्रिया बेहद सरल और सुविधाजनक हो गई है। केंद्र के कर्मचारियों ने उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया, जिससे बिना किसी परेशानी के उनका आवेदन जमा हो गया। उन्होंने राज्य सरकार की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सेवा सेतु केंद्र आम नागरिकों के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रहे हैं। इससे सरकारी सेवाओं तक पहुंच आसान हुई है और लोगों को समय पर सहायता मिल रही है।

### तेज रफ्तार व नशे का कहर: राशन लेकर घर लौट रहे 20 वर्षीय हिमांशु की गई जान

# अनियंत्रित टाटा अल्ट्रा वाहन ने बाइक सवार को रौंदा, मौके पर ही दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

क्षेत्र में तेज रफ्तार और नशे के जानलेवा गठजोड़ ने एक और हंसते-खेलते परिवार का चिराग बुझा दिया। बोड़ला से बांधाटोला मार्ग पर शुक्रवार को एक भीषण सड़क हादसे में 20 वर्षीय मोटर सायकिल सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे शराबी ट्रक ड्राइवर को स्थानीय नागरिकों ने मुस्तैदी दिखाते हुए पीछा कर दबोच लिया और पुलिस के हवाले किया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक के पिता बोड़ला तहसील कार्यालय में पदस्थ हैं, जिससे इस हादसे की खबर मिलते ही प्रशासनिक अमले और स्थानीय लोगों में शोक की लहर दौड़ गई है।

बताया जाता है कि हादसे का शिकार हुआ हिमांशु परमार 20 वर्ष, बोड़ला तहसील कार्यालय में वर्ग-02 क्लर्क के पद पर पदस्थ पालचंद परमार का पुत्र था। परमार परिवार मूल रूप से आरंग का रहने वाला है और वर्तमान में यहां बांधाटोला में रह रहा था। फिंगरप्रिंट लगाने के लिए आया था, शुक्रवार को हिमांशु अपनी मोटर सायकिल क्रमांक सीजी 08 एडब्ल्यू 8868 पर सवार होकर बोड़ला स्थित राशन दुकान आया था। वहीं हिमांशु राशन दुकान पहुंचा, उसने बायोमेट्रिक मशीन पर फिंगरप्रिंट लगाया और राशन लेकर वापस अपने घर बांधाटोला लौट रहा था। इसी दौरान बोड़ला बीचपारा नेशनल हाईवे-30 में बांधा के पास जबलपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार टाटा अल्ट्रा वाहन क्रमांक एमपी 20 जीबी 8487 ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

हादसे के पश्चात आसपास के लोगों की मदद से लहूलुहान युवक को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। तहसील कार्यालय के स्टाफ सहित स्थानीय लोग भी बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि मृतक हिमांशु शादीशुदा था और उसका एक साल का छोटा बच्चा है। इस हादसे ने मासूम के सिर से पिता का साया हमेशा के लिए छीन लिया है। सूचना पर पुलिस ने तत्परता से मौके पर पहुंचकर आरोपी ड्राइवर और वाहन को हिरासत में ले लिया है। चालक के खिलाफ ड्रिंक एंड ड्राइव (नशे में वाहन चलाना) के तहत कड़ी धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक धाराओं को जोड़कर कार्रवाई की जा रही है।



#### लोगों ने पीछा कर आरोपी ड्राइवर को दबोचा

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वाहन चालक राममिलन यादव (निवासी पन्ना, मध्य प्रदेश) अत्यधिक शराब के नशे में धुत था। उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि वह ठीक से अपने पैरों पर खड़ा भी नहीं हो पा रहा था। हादसे को अंजाम देने के बाद आरोपी ड्राइवर वाहन लेकर तेजी से भागने की कोशिश कर रहा था। इसे देखकर मौके पर उपस्थित आम नागरिकों ने हौसला दिखाया और अपनी गाड़ियों से पीछा कर आरोपी ड्राइवर को गाड़ी समेत स्थानीय दारू भट्टी के पास रोक लिया। सजग नागरिकों ने तुरंत इसकी सूचना बोड़ला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आरोपी ड्राइवर व वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी कार्रवाई की गई।

# गड़बड़ी: एक ही प्रबंधक के तीन केंद्रों में 81.19 लाख रुपए का धान घोटाला

### 54 हजार क्विंटल धान अब भी गायब, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई कब?



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले में धान खरीदी व्यवस्था में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। सहसपुर लोहारा थाना क्षेत्र के बासिनझोरी, बिरनपुर कला और सहसपुर लोहारा धान खरीदी केंद्रों में हुए 81.19 लाख रुपए के कथित धान घोटाले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने छः लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। तीनों केंद्रों का संचालन एक ही समिति प्रबंधक के जिम्मे होना पूरे मामले को और गंभीर बना रहा है।

वहीं जिले में अब भी लगभग 54 हजार क्विंटल धान गायब होने का मामला अनसुलझा है, जिससे धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी और जवाबदेही पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। बताया जाता है कि 18 जून 2026 को खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के संयुक्त जांच दल ने तीनों धान खरीदी केंद्रों का औचक भौतिक सत्यापन किया। जांच में कुल 2,441.92 क्विंटल धान तथा 21,982 खाली बारदाने गायब मिले। प्रारंभिक आकलन के अनुसार शासन को 81 लाख 19 हजार 502 रुपए की आर्थिक क्षति हुई है।

जांच रिपोर्ट के अनुसार बासिनझोरी केंद्र से 585.98 क्विंटल धान एवं 4,130 बारदाने, बिरनपुर कला से 1,032.36 क्विंटल धान एवं 5,777 बारदाने तथा सहसपुर लोहारा केंद्र से 823.58 क्विंटल धान एवं 12,075 बारदाने कम पाए गए।

युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने दावा किया है कि धान खरीदी वर्ष 2025-26 में उपार्जन केंद्रों के रिकॉर्ड में ही लगभग 20 करोड़ रुपए मूल्य का धान गायब है। उनका कहना है कि संग्रहण केंद्रों और राइस मिलों के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट अभी आना बाकी है। यदि कस्टम मिलिंग चांवल उपार्जन आदेश-2016 के तहत सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक हुए तो यह घोटाला 60 करोड़ रुपए से अधिक का हो सकता है।

जिले में अब तक हजारों क्विंटल धान गायब होने के मामले सामने आ चुके हैं। कई समितियों में एफआईआर भी दर्ज हो रही है, लेकिन धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही अब तक तय नहीं हो सकी है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब जिले में अभी भी लगभग 54 हजार क्विंटल धान गायब है, तब इसकी निगरानी की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई कब होगी? किसानों और आम जनता की नजर अब प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हुई है।

#### एक ही प्रबंधक के जिम्मे थे तीनों केंद्र

जांच में सामने आया कि तीनों धान खरीदी केंद्रों का संचालन समिति प्रबंधक गंगादास मानिकपुरी के अधीन था। बिरनपुर कला और सहसपुर लोहारा केंद्रों में वे प्रबंधक के साथ खरीदी प्रभारी की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। आरोप है कि प्रबंधक, कम्प्यूटर ऑपरेटरों और फड़ प्रभारियों की मिली-भगत से धान खरीदी और भंडारण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं की गईं।

#### तौल पत्रकों में भी मिली बड़ी गड़बड़ी

भौतिक सत्यापन के दौरान सैकड़ों तौल पत्रकों में केवल किसानों के हस्ताक्षर मिले, जबकि खरीदी प्रभारी, फड़ प्रभारी और तौलकों के हस्ताक्षर वाले कॉलम खाली पाए गए। जांच दल का मानना है कि जवाबदेही से बचने के उद्देश्य से आवश्यक हस्ताक्षर जानबूझकर नहीं किए गए।

#### छः आरोपियों पर दर्ज हुई एफआईआर

मामले में समिति प्रबंधक गंगादास मानिकपुरी, सहसपुर लोहारा के फड़ प्रभारी बलदाऊ डड़सेना, कम्प्यूटर ऑपरेटर बिहारी राम साहू, बासिनझोरी के फड़ प्रभारी तुकाराम साहू, कम्प्यूटर ऑपरेटर पीलूराम साहू तथा बिरनपुर कला के कम्प्यूटर ऑपरेटर महावीर साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4), 316 (5) एवं 3 (5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि धान उपार्जन नीति 2025-26 तथा अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं किया गया। नियमों के अनुसार धान की कमी या भंडारण संबंधी किसी भी अनियमितता की तत्काल लिखित सूचना सक्षम अधिकारियों को देना अनिवार्य था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसे नीति की कंडिका 15.9 एवं 17.1 का गंभीर उल्लंघन माना गया है।

# निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण



■ संतोष पांडेय के प्रयास से कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

क्षेत्रीय सांसद संतोष पांडेय ने शुक्रवार को कवर्धा में निर्माणाधीन शासकीय मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी से पूरी जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गौरतलब है कि सांसद संतोष पांडेय के लगातार प्रयास से कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति मिली है।

मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। सांसद श्री पांडेय ने कहा कि केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार ने कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्रदान कर जिलेवासियों को बड़ी सौगात दी है। मेडिकल कॉलेज खुल जाने से जिला चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। युवाओं को चिकित्सा शिक्षा मिलेगी। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि इस सत्र से वैकल्पिक भवन में मेडिकल कॉलेज का संचालन किया जाना था। लेकिन वर्तमान में नेशनल मेडिकल कमीशन द्वारा अधोसंरचना संबंधी आवश्यक भवन एवं अन्य कारणों का हवाला देते हुए मान्यता प्रदान नही किए जाने की कार्यवाही की है।

इसको लेकर उन्होंने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से उक्त विषय में हस्तक्षेप करते हुए मेडिकल कॉलेज के संचालन हेतु मान्यता प्रदान किए जाने हेतु निर्देश करने का आग्रह किया है। उम्मीद है उक्त समस्या का शीघ्र समाधान होगा। इस दौरान भाजपा के जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वैष्णव, जयराम साहू, परेटन वर्मा, देवकुमारी चंद्रवंशी, अशोक चंद्रवंशी, मुकेश ठाकुर, भुनेश्वर चंद्राकर, चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, गणेश तिवारी, चंदन पटेल, पवन जायसवाल सहित पदाधिकारी गण, जनप्रतिनिधि गण सहित कार्यकर्तागण उपस्थित थें।

### देहानडीह में ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव व रोजगार सहायक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

# ग्रामीणों ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम जिले की पंचायत व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में है। गांव के विकास, पारदर्शिता और जनभागीदारी की सबसे बड़ी इकाई मानी जाने वाली ग्रामसभा में जब ग्रामीणों को अपने ही जनप्रतिनिधियों और पंचायत अमले के खिलाफ प्रस्ताव पारित करना पड़े, तो यह व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम पंचायत देहानडीह में ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां ग्रामीणों ने ग्रामसभा में सरपंच, पंचायत सचिव और रोजगार सहायक के कार्यों पर गंभीर आपत्ति दर्ज कराते हुए जांच और कार्रवाई की मांग की है। 24 जून को आयोजित ग्रामसभा की कार्यवाही पंजिका के अनुसार, उपस्थित ग्रामीणों ने पंचायत के कार्यों में अनियमितता और कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष जताया। इसके बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव क्रमांक-03 पारित कर संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई।

ग्रामीणों को प्रस्ताव पारित करने की नौबत क्यों आई? इस पूरे घटनाक्रम ने कई अहम सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या ग्रामीणों की शिकायतों पर पहले ध्यान नहीं दिया गया? क्या व्यक्तिगत शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं होने के कारण लोगों को ग्रामसभा का सहारा लेना पड़ा? यदि ऐसा है, तो यह पंचायत स्तर पर जवाबदेही और शिकायत निवारण व्यवस्था की प्रभावशीलता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

अब सभी की निगाहें जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा और जिला प्रशासन पर टिकी हैं। देखना होगा कि ग्रामसभा के सर्वसम्मत प्रस्ताव पर निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की जाती है या मामला केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित रह जाता है। यदि ग्रामसभा की सामूहिक आवाज को भी गंभीरता से नहीं लिया गया, तो पंचायत व्यवस्था में जनता का विश्वास और कमजोर पड़ सकता है। देहानडीह की यह ग्रामसभा केवल एक प्रस्ताव नहीं, बल्कि ग्रामीणों की जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग का स्पष्ट संदेश मानी जा रही है।

#### ग्रामसभा के अधिकारों की अनदेखी

73वें संविधान संशोधन तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 के तहत ग्रामसभा को पंचायत व्यवस्था की सर्वोच्च इकाई माना गया है। विकास कार्यों की समीक्षा, योजनाओं की स्वीकृति, वित्तीय पारदर्शिता और जनहित से जुड़े निर्णय लेने का अधिकार ग्रामसभा को प्राप्त है। ऐसे में ग्रामसभा द्वारा पारित किसी भी प्रस्ताव को हल्के में नहीं लिया जा सकता। बावजूद इसके जिले के कई गांवों से समय-समय पर ग्रामसभा के निर्णयों की अनदेखी और विकास कार्यों में पारदर्शिता को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं।

#### सामूहिक विरोध ने बढ़ाई प्रशासन की जिम्मेदारी

देहानडीह का मामला इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यहां ग्रामीणों ने पंचायत के तीन प्रमुख जिम्मेदार पदों पर एक साथ सवाल उठाए हैं। यदि पूरा गांव ग्रामसभा के माध्यम से जांच की मांग कर रहा है, तो इसे सामान्य असंतोष मानकर नजरअंदाज करना उचित नहीं होगा। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ी है।

# एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 5 विद्यार्थियों का चयन

■ तरेगांव जंगल के छात्र छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम तरेगांव जंगल स्थित निजी विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर एक बार फिर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित चयन परीक्षा में विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से 5 विद्यार्थियों का चयन होना विद्यालय के लिए बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

गौरतलब है कि पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु 1 मार्च 2026 को आयोजित चयन परीक्षा में जिले भर से लगभग 567 विद्यार्थियों ने भाग लिया था। इस कठिन प्रतियोगी परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर तरेगांव जंगल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की।

चयनित विद्यार्थियों में कुलदीप धुर्वे, संजू मरावी, योगेश कुमार टेकाम, रानू परते एवं रागनी परते शामिल हैं। इनमें से दो विद्यार्थियों ने जिले की टॉप-10 सूची में स्थान बनाया, जबकि अन्य तीन विद्यार्थियों ने टॉप-20 में अपनी जगह सुनिश्चित की। यह परिणाम विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासित अध्ययन और शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन का प्रमाण माना जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन कुमार यादव ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

विद्यालय की शिक्षिकाएँ जलेश्वरी यादव, रामकली पन्द्राम एवं रेखा मेरावी ने भी सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।